जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शुक्रवार 7 अक्टूबर, 2022

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



मैं आपको राजस्थान में मौजूद अपार संभावनाओं का लाभ उठाने और हमारे साथ मिलकर एक समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ने के लिए आमंत्रित करता हूँ।

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

## इतिहास रच रहा राजस्थान

निजी निवेश को बढ़ावा देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने और रोज़गार सृजन के लिए राजस्थान पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इन्वेस्टर आउटरीच कार्यक्रम के दौरान हुये निवेश प्रस्तावों में से लगभग 40% निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं या प्रक्रियाधीन हैं।

Invest Rajasthan
7-8 Oct 2022 > JAIPUR
Committed. Delivered.

### उद्घाटन

7 अक्टूबर 2022 | प्रातः 10 बजे
जे.ई.सी.सी., सीतापुरा, जयपुर

मुख्य अतिथि
**श्री अशोक गहलोत**
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

- 33 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास एवं 18 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण (इन्वेस्ट राजस्थान के निवेश प्रस्ताव)
- रीको के 25 नए औद्योगिक क्षेत्रों का उद्घाटन
- राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) 2022 का लॉन्च
- 'राजस्थान रत्न सम्मान' समारोह

7 अक्टूबर | 8 अक्टूबर




ट्यूरिज़्म कॉन्क्लेव | फ्यूचर रेडी कॉन्क्लेव | एग्री-बिज़नेस कॉन्क्लेव | एन.आर.आर. कॉन्क्लेव | स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव | एम.एस.एम.ई. कॉन्क्लेव

इस पर लाइव देखें invest.rajasthan.gov.in

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,
राजस्थान सरकार

CII
Confederation of Indian Industry



## विचार बिन्दु

**यदि एक मनुष्य की उन्नति होती है तो सारे संसार की उन्नति होती है और अगर एक व्यक्ति का पतन होता है तो सारे संसार का पतन होता है।**

**–महात्मा गाँधी**

# सुप्रीम कोर्ट की तीसरी आँख

भारत की सुप्रीम कोर्ट को अपरिमित अधिकार हैं। न्याय करने के लिये सुप्रीम कोर्ट को किसी भी प्रकार का आदेश पारित करने का अधिकार है, जिसकी प्रवर्तनशीलता देश के किसी भी भाग में की जा सकती है। अद्भुत है हमारा संविधान और 'सत्यमेव जयते' का उद्घोष करने वाला न्याय मंदिर सुप्रीम कोर्ट है, जो देश के नागरिकों को सोशल, आर्थिक व राजनैतिक न्याय देने के हेतु कटिबद्ध है। सुप्रीम कोर्ट की जहाँ अपील कोर्ट के अधिकार है, वहीं कई मामलों में ऑरिजनल जूरिशडिक्शन प्राप्त है। अनुच्छेद 141 के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का आदेश देश की सभी अदालतों पर मान्य होगा। अनुच्छेद 142 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रवर्तनशील माना गया है। अनुच्छेद 143 मे राष्ट्रपति को सलाह करने का भी दायित्व है तथा अनुच्छेद 144 के अनुसार देश की सभी सिविल व जुडीशियल ऑथोरिटी को कोर्ट को सहयोग देने का दायित्व है। हमारी सुप्रीम कोर्ट को एक ओर न्याय करने का अधिकार है और दूसरी ओर देश के नागरिकों को न्याय हेतु निर्देश अथवा सुझााव देने का अधिकार है अर्थात् जब तक कानून इस हेतु न बन जावे आदेश कानूनवत लागू रहेगा।

हमारी न्याय प्रणाली में यह माना गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिले, और कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न हो। साथ ही न्याय देने के कमिटमेण्ट को लेकर न्यायालय में जनहित याचिकाओं की बाढ़ आ रही है। सुप्रीम कोर्ट समय समय पर गाइड लाइन्स भी जारी करता है। यह कार्य सुप्रीम कोर्ट का विधायिका है। सुप्रीम कोर्ट न्याय हित में एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय के मामलों का अन्तरण भी करता है। इस प्रकार सुप्रीम कोर्ट समय समय पर अपने तीनों रूप अर्थात् न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका का अभिव्यक्त करता है।

'शिव' जब रौद्र रूप धारण करते हैं तो वह विनाश का सूचक है, इसी को शिव की तीसरी आँख कहा जाता है, किन्तु भारतीय संविधान के अनुसार तीसरी आँख माननीय न्यायालय की जब खुलती है तब समस्या का निदान करने के लिये कोई कानून नहीं होता वहां न्यायालय गाइड लाइन जारी करता है जो कानून की तरह प्रभावित होती है यहाँ सुप्रीम कोर्ट की तीसरी आँख समता, शान्ति, विकास का सूचक है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने जो सजेशन (सुझाव) दिये हैं, उन पर उचित कार्यवाही होना आवश्यक है।

कुछ दिनों पूर्व माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यूपी सरकार को कहा था, 'रिहा करो' यदि कैदी ने Remission Policy की पूरी पालना की हो। इससे बहुत पहले इसी न्यायालय ने विशाखा के केस में महिलाओं की कार्य स्थल पर सुरक्षा प्रदान करने के हेतु गाइड लाइन जारी कर विधायिका का कार्य किया। जस्टिस बी.वी. नागरथना ने कुछ 2 दिन पूर्व ही कहा था, The rule of law is greatly dependent on the independence of the judiciary.

कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर भी पिटीशन निरस्त की हैं कि मामला Judicial determination का नहीं है। जैसे एक पिटीशन में कहा गया कि ''जाँच कराई जावे कि ताजमहल क्या वास्तव में शाहजहाँ ने बनाया था''। इसी प्रकार न्यू पार्लियामेण्ट की बिल्डिंग पर तीन शेरों की मूर्ति स्टेट एम्बलेम ऑफ इण्डिया अधिनियम एक्ट 2005 के अनुसार नहीं है, का केस है। कहने का अभिप्राय है कि सुप्रीम कोर्ट का न्याय का दायरा बढ़ रहा है, जिसका अर्थ है कि सुप्रीम कोर्ट पर जनता का विश्वास बढ़ रहा है।

**माननीय सुप्रीम कोर्ट ने न्याय करने के अपने दायित्व को निभाया है, अब बारी सरकार की है जो सुझाव के अनुसार आचरण कर, जेलों में सड रहे, नारकीय जीवन जी रहे कैदियों को उनका मानव अधिकार दिला सकें, जिसका अर्थ है गरिमा मय जीने का अधिकार उन्हें मिले। जेल सुधार घर हैं, और मानवता के नाते उन्हें (कैदियों) को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है साथ ही यह उनका मानव अधिकार भी है।**

देश में जेलों की दुर्दशा पर कई पिटीशन्स सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्टस् में पेश की गई हैं, किन्तु कैदियों की दुर्दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। दिनांक 29 सितम्बर 2022 को गौतम नवलखा बनाम नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेन्सी (डायरी नं.23064-20) के केस में बहुत ही प्रक्टिकल, जन हितकारी, कैदियों को वरदान जैसा सुझाव माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिया है। केस की सुनवाई का विषय था ''जेलों में सुधार हो, और जस्टिस के.एम. जोसफ ने एक बहुत अच्छा सुझाव दिया और जस्टिस रॉय ने कहा, जेलों की दुर्दशा देखनी हो तो जेलों में जाकर वस्तु स्थिति क्या है, इसे आंखों से देखा जा सकता है। जेलों की स्थिति में सुधार हो और कैदियों को भी गरिमा मय जीने का अधिकार प्राप्त हो। उनके जीवन शैली में सुधार हो।

माननीय खण्डपीठ ने सभी का ध्यान इस ओर खींचा कि देश में कैदियों की रहने व खाने आदि की व्यवस्था अत्यन्त ही निन्दनीय है। देश में सभी राज्यों में अस्पतालों और स्कूलों में जन सहभागिता की बात देखने में आती है, किन्तु जेलों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। जेलों के बाबत कोई प्राथमिकता किसी की नहीं है। जबकि यूरोप में Concept of Private Responsibility है। जस्टिस जोसफ ने कहा सीएसआर से प्राइवेट जेलों का निर्माण हो सकता है। सीएसआर इन्कम टैक्स देने वालों का क्या कर्त्तव्य है। सीएसआर से प्राइवेट जेलों को फण्डिंग किया जा सकता है। माननीय सुप्रीम कोर्ट का सुझाव वन्दनीय है, स्वभाविक है और न्याय संगत है। बडे-बडे कॉरपोरेट्स से सहायता ली जावे कि वे Corporate Social Responsibility से जेलों का निर्माण करें। जस्टिस जोसफ ने तो यहां तक कहा कि ऐसे कॉरपोरेट्स जो प्राइवेट जेल बनाने में सहयोग देवें उन्हें टैक्स की अदायगी में छूट भी दी जा सकती है। जस्टिस रॉय ने इस नये कन्सेप्ट को Anticipatory की संज्ञा देकर प्राइवेट जेल का समर्थन किया है।

केस के तथ्य हैं कि जेलों की दुर्दशा की सुनवाई हो रही थी, इस प्रकार है कि गौतम नवलखा नामक कैदी ने जो तलोजा जेल में बंदी था स्वास्थ्य के कारण हाउस अरेस्ट की प्रार्थना की थी। कोर्ट ने उसे KRM हॉस्पिटल मुम्बई भेजने का आदेश दिया जहां वह Colonoscopy o Skin Allergy का इलाज करा सकता है। केस में कपिल सिब्बल सीनियर एडवोकेट ने कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया था कि जेलों में कैदियों की भीड है। जेल के नियमों के अनुसार Undertrial o Convict को साथ साथ नहीं रखा जा सकता है, किन्तु जेल में दोनों साथ साथ बंद हैं कोर्ट ने अपना प्रारंभिक रियक्शन दिया कि ऐसा मालूम पड़ता है जेल में कैदी नहीं जानवर हैं। इसके अतिरिक्त जेलों में Forced Homobexuality के मामले हैं और कई अन्य अपराधों को जेलों का दौरा करेंगे तो स्वयं देख सकते हैं। इन कारणों से कैदियों में सरकार के प्रति बदले की भावना पैदा होती है।

कोर्ट ने कहा कि स्वेडन व नार्वे में कैदियों को सब प्रकार की सुविधायें सुन्दर जेलों में रिसोर्ट जैसी दी जाती है, ''हम यह भी मानते हैं कि भारत में ये सुविधायें देना संभव नहीं है। जहां साथ लगे हुये बाथरूम हों टीवी आदि हों''। सुनने के बाद कोर्ट की आगामी तारीख 21अक्टूबर 2022 नियत की गई। सुनवाई अधूरी है।

प्रश्न है क्या CSR Funded प्राइवेट जेल का सुझाव जेल सुधारों के बाबत दिया जाना एक प्रेक्टिकल सुझाव है जिसे केन्द्र सरकार को भेजा जाना चाहिए। इसी प्रकार का सुझाव प्रत्येक राज्य के हाई कोर्ट्स को भी जेलों के सुधार के संबंध में भेजा जाना चाहिए। माननीय न्यायालय ने अपनी दया, करूणा भाव की शालीनता की शक्ति का प्रयोग कर अपनी तीसरी आँख खोलकर सोलिसिटर जनरल से Request तक की कि वे समस्या का हल निकालने में सहयोग देने के लिये समय निकालें। यह महत्वूपर्ण सुझाव ही सुप्रीम कोर्ट की तीसरी आँख है जो खुल चुकी है, और जब तक समस्या का हल नहीं निकलेगा, तब तक खुली रहेगी, यदि यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो शिव की तीसरी आँख के समान यह सरकार पर भारी पडेगी। सुझाव प्रेक्टिकल है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने न्याय करने के अपने दायित्व को निभाया है, अब बारी सरकार की है जो सुझाव के अनुसार आचरण कर, जेलों में सड रहे, नारकीय जीवन जी रहे कैदियों को उनका मानव अधिकार दिला सकें, जिसका अर्थ है गरिमा मय जीने का अधिकार उन्हें मिले। जेल सुधार घर हैं, और मानवता के नाते उन्हें (कैदियों) को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है साथ ही यह उनका मानव अधिकार भी है।

''वैष्णव जन तो तेने कहिये जो पीड पराई जाने रे''।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# रिवैन्ज शॉपिंग से मिल रहा इकॉनमी को बूस्ट

गुस्सा या यों कहें कि बदला भी इकोनोमी को बूस्ट कर सकता है इसका जीता जागता उदाहरण है कोरोना के साये से निकलने के बाद खरीदारी की आजादी का। कोरोना ने लोगों की सोच ही बदल ड़ाली थी और लोग भविष्य के लिए इस कदर चिंतित होने लगे थे कि भविष्य के लिए बचत और बचत ही एक मात्र ध्येय हो गया था। लोगों का ध्यान केवल बचत और खाने-पीने की सामग्री का संग्रहण इन दो पर ही खासा ध्यान हो गया था। इसका कारण भी साफ था कि कोरोना के दौर में कब घर में कैद होना पड़े इसका अंदाज ही नहीं लगाया जा सकता था। ऐसे में लोग समुचित खाद्य सामग्री घर पर रखने पर जोर देने लगे तो आवश्यक सामग्री के अलावा अन्य चीजों पर ध्यान देना ही लगभग छोड़ दिया था। सालाना मोबाइल बदलने की आदत लोगों की छूटी तो लोगों ने कपड़ों आदि की खरीदारी से भी मुहं मोड़ लिया। यहां तक कि कोरोना लाकडाउन के बाद भी लोगों ने मॉल्स में जाना, सिनेमाघरों की और रुख करना, होटल या बाहर खाने, घूमने-फिरने पर भी ब्रेक लगा दिया जो अब धीरे -धीरे बदलने लगा है। जब घर पर ही रहना है तो काये को कपड़े खरीदें और काये को अन्य वस्तुएं। ऐसें में इकोनोमी पर भी बुरा असर पड़ना लाजिमी था। पर कोरोना के असर के कम होते होते लोगों में रिवेंज शॉपिंग का इस कदर शौक चढ़ा है कि पूरी इकोनोमी को ही बूस्ट मिलने लगा है तो दूसरी और लोगों में बचत की आदत को पांच साल पीछे धकेल दिया है। रिवेंज शॉपिंग को इस तरह से समझा जा सकता है कि देश में चौपहिया वाहनों और उसमें भी खासतौर से एसयूवी सेगमेंट के वाहनों की खरीदारी को बूम मिला है तो पर्यटन खासतौर से देशी पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। घर से बाहर खाना, फैशनेवल परिधानों की खरीदारी, गेजेट्स की खरीदारी तेजी से बढ़ रही है । देखा जाएं तो सभी सेक्टर में बूम देखने को मिल रहा है। अब कहने को ही रह गया है कि बाजार में दम नहीं है नहीं तो वास्तविकता तो यह है कि बाजार गुलजार होने लगे हैं।

रिवेंज शॉपिंग को यों समझा जा सकता है कि इंग्लैण्ड की प्रिसेज डायना को जब यह पता चला कि प्रिंस विलियम की जिंदगी में दूसरी औरत है तो उन्होंने उसी दिन ब्लैक ऑफ सोल्डर ड्रेस पहनी जो आज भी लोगों की जेहन में हैं। जिस तरह से बाड़े में बंद जानवरों को बाड़े से निकाला जाता है तो वह दौड़ लगा देते हैं उसी तरह से कोरोना त्रासदी से मुक्ति का जश्न लोग रिवेंज शॉपिंग के माध्यम से मनाने लगे हैं।



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की हालिया रिपोर्ट को देखें तो भारतीयों में घरेलू बचत की जो आदत थी वह घट कर पिछले पांच वर्ष के निचले स्तर पर आ गई है जबकि कोरोना काल में घरेलू बचत का आंकड़ा जीडीपी की 21 फीसदी तक पहुंच गया था। देखा जाए तो ऋण कृत्वा घृतम पिवेत की संस्कृति विकसित हुई है और यही कारण है कि छोटे लोन से लेकर ऋण सेगमेंट में अच्छी खासा बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हांलाकि अब ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने लगी है इससे ऋणियों पर ईएमआई का बोझ बढ़ेगा।

**■ बाजार में हर वस्तु के दामों में बढ़ोतरी के बाद भी बूम नजर आ रहा है**

दरअसल जब लोगों के पास पैसा आता है तो बाजार में बूम आता ही है। इकोनोमी के लिए यह जरुरी भी है। मजे की बात यह है कि यह सब कुछ तब है जब बाजार में हर वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। कोरोना काल में जो लोगों की सोच विकसित हुई थी अब उसमें तेजी से बदलाव आया है। कोरोना काल में लोगों का सोच यही था कि दो पैसा है तो अड़ी-बड़ी वक्त में काम आयेगा वहीं अब लोगों की सोच में यह बदलाव देखने को मिल रहा है कि जिंदगी का दो घड़ी का भरोसा नहीं है तो फिर काहे की बचत। घूमों फिरों और मौज करों की भावना आने लगी हैं।

वैसे भी अब बाजार विशेषज्ञों की त्यौहारी खरीदारी पर नजर है। जिस तरह से मार्केट रिएक्शनस आने लगे हैं उससे सभी क्षेत्र में अच्छी खरीदारी के संकेत आने लगे है। जानकारों की माने तो दीपावली के त्यौहारी सीजन में 125 करोड़ रु. के कारोबार की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। पिछले दिनों में सर्राफा बाजार में तेजी देखने को मिल रहा है तो इलेक्ट्रोनिक उद्योग भी गति पकड़ रहा है। चौपहिया और दुपहिया वाहनों का बाजार तो पूरी तरह से गुलजार दिखाई दे रहा है। जानकारों की माने तो रिवंज शॉपिंग का पूरा असर इस त्यौहारी सीजन में दिखाई देगा। लाख महंगाई की चर्चा हो रही हो पर यह साफ है कि इकोनोमी और खासतौर से घरेलू मार्केट को बूम मिलना साफ दिखाई दे रहा है।

रिवेंज शॉपिंग का असर हमारे यहां ही नहीं अपितु दुनिया के अन्य देशों मे भी साफ दिखाई दे रहा है। हमारे देश में यह नया चलन है। जिस तरह से आक्रोश दबा रहता है तो उसका असर दिखाई देता है उसी तरह से रिवेंज शॉपिंग का असर दिखाई देगा और यही भारतीय इकोनोमी की चहुंमुखी बहार का कारण बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं दिखाई देती है। रिवेंज शॉपिंग का असर एमएसएमई से लेकर घरेलू दस्तकारों, शिल्पकारों और निर्माताओं तक को मिलेगा। हांलाकि अब ई मार्केटिंग की और तेजी से रुझान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कोरोना के बाद रिवेंज शॉपिंग को भारतीय घरेलू इकोनोमी के लिए शुभ संकेत के रुप में ही देखा जाना चाहिए।

**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**वरिष्ठ लेखक**

# मसूरिया पहाड़ी पर बाल मेले के साथ 'रिफ' शुरू

## रिफ महोत्सव में भारत सहित 9 देशों के 250 से अधिक म्यूजिशियन एवं कलाकार भाग लेंगे

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर में गुरूवार से राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (रिफ ) का आयोजन शुरू हुआ। सुबह मसूरिया पहाड़ी पर स्कूली बच्चों को एक तरफ कठपुतली के करतब दिखाएं गए तो उन्हें कठपुतली के बारे भी जानकारी दी गई। साथ ही लोक कलाकारों ने अपने गीतों से देशी विदेशी पर्यटकों का ध्यान अपनी तरफ खींचने के साथ थिरकने पर मजबूर किया।

**■ लोक धुनों पर थिरके देशी -विदेशी पर्यटक**

मेहरानगढ़ दुर्ग में शरद पूर्णिमा को होने वाले इस महोत्सव में देसी विदेशी कलाकार हिस्सा लेंगे। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट की ओर से मेहरानगढ़ फोर्ट में आयोजित इस महोत्सव में फोक म्यूजिक व हैरिटेज का फ्यूजन टूरिस्ट को आकर्षित करता है।



'रिफ' में मसूरिया पहाड़ी पर स्कूली बच्चों कों कलाकारों ने करतब दिखाये।

रिफ महोत्सव में भारत सहित 9 देशों के 250 से अधिक म्यूजिशियन एवं कलाकार संगीत लहरियों को बिखरेंगे । 6 से 10 अक्टूबर तक जोधपुर रिफ के 13वें संस्करण का आयोजन मेहरानगढ़ दुर्ग व जसवन्त थड़ा में शुरू हुआ। जोधपुर रिफ कलाकारों को अन्तर्राष्ट्रीय मंच व अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रोत्साहन और आजीविका भी प्रदान करवा रहा है, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रचार और प्रसार दुनियाभर में हो रहा है। इस बार प्रात:कालीन संगीत कार्यक्रम में खासी संगीतकार मुख्य आकर्षण होंगे और पहली बार इंडी संगीतकार बावरी बसंती और हरप्रीतसिंह अपनी प्रस्तुति देंगे । आज सुबह फेस्टिवल की शुरुआत वीर दुर्गादास स्मारक स्थल मसूरिया पहाड़ी पर हुई। स्टूडेंट्स के लिए बाल मेले का आयोजन हुआ। शाम को 7.30 बजे से जसवन्तथड़ा पर ओपनिंग सिटी कन्सर्ट का आयोजन किया गया।

रिफ डॉन में मेघालय के फोक संगीत खासी की होगी प्रस्तुति होगी। इसके तहत राजस्थान के मेघवाल समुदाय के संगीत कलाकारों के अलावा मध्यप्रदेश की मालवी लोक शैली में सबद और निगुण भजन और कबीर वाणी और मेघालय के पारंम्परिक संगीत के आयोजन होगा।

# नाथद्वारा में विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा का लोकार्पण


## 369 फीट की इस प्रतिमा ''विश्वास स्वरूपम'' का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से आरंभ होगा

**उदयपुर** / नाथद्वारा, (कासं)। राजस्थान के संदर्भ में एक ओर नया अध्याय विश्व पटल पर अपना इतिहास लिखने जा रहा है। राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में श्रीनाथ जी की पावन धरा पर 369 फीट की विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।

**■ 20 किलोमीटर दूर से ही नजर आने लगती है प्रतिमा**

संत कृपा सनातन संस्थान के ट्रस्टी मदन पालीवाल ने बताया की महादेव के इस महा महोत्सव में 9 दिन तक धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रहेगी, मुरारी बापू की 9 दिवसीय रामकथा इस महोत्सव को चार चांद लगाएगी ओर इसके देश दुनिया से आये लाखों श्रोता साक्षी बनेंगे।

मदन पालीवाल ने वर्षों पूर्व श्रीजी की नगरी में भगवान शिव की अल्लड़ मुद्रा में विश्व की सबसे बड़ी शिव मूर्ति बनवाने का ड्रीम प्रोजेक्ट तैयार किया था यह अब तैयार हो कर अपनी पूर्णता ले चुका है। श्रीजी की नगरी में स्थापित भगवान शिव की यह अद्भुत प्रतिमा देश और राजस्थान के पर्यटन में एक नया आयाम स्थापित करेगी। 51 बीघा की पहाडी पर बनी इस प्रतिमा में भगवान शिव ध्यान एवं अल्लड़ की मुद्रा में विराजित हैं जो 20 किलोमीटर दूर से ही नजर आने लग जाते हैं ।



नाथद्वारा स्थित श्रीनाथ जी में 369 फीट की विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम'।

369 फीट ऊंची यह प्रतिमा विश्व की अकेली प्रतिमा होगी जिसमें लिफ्ट, सीढ यिां, श्रद्धालुओं के लिए हॉल बनाया गया है। प्रतिमा के अंदर सबसे ऊपरी हिस्से में जाने के लिए 4 लिफ्ट और तीन सीढ़ियां बनी हैं। प्रतिमा के निर्माण में 10 वर्षों का समय और 3 हजार० टन स्टील और लोहा, 2.5 लाख क्यूबिक टन कंक्रीट और रेत का इस्तेमाल हुआ है प्रतिमा का निर्माण 250 वर्षों की स्थिरता को ध्यानगत रखते हए किया गया है। 250 किमी रफ्तार से चलने वाली हवाएं भी मूर्ति को प्रभावित नहीं करेगी। इस प्रतिमा की डिजाइन का विंड टनल टेस्ट (ऊंचाई पर हवा) आस्ट्रेलिया में हुआ है। बरसात और धूप से बचाने के लिए इस पर जिंक की कोटिंग कर कॉपर कलर किया गया, प्रतिमा को तत पदम् संस्थान ने बनवाया है।

प्रतिमा स्थल पर पर्यटकों की सुविधाओं ओर मनोरंजन के लिये बंजी जम्पिंग का निर्माण किया गया है यह ऋषिकेश के बाद दूसरी सबसे बडी बंजी जम्पिंग होगी जिसका लुफ्त उठाने के लिए देश विदेश के पर्यटक यहां आएंगे। साथ ही फुटकोर्ट, गेम जोन, जिप लाइन, गो कार्टिंग,एडवेंचर पार्क, जंगल केफे का निर्माण भी किया गया है। जहाँ पर्यटक दिन भर यहां इस का लुफ्त उठा सकेंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 7 अक्टूबर, 2022**

आश्विनी मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, शतभिषा नक्षत्र सांय 6:17 तक, गंड योग रात्रि 11:30 तक, बालव करण प्रात: 7:27 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सांय 6:17 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत, पंचक है और त्रयोदशी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:53 तक, लाभ-अमृत 7:53 से 10:47 तक, शुभ 12:15 से 1:42 तक, चर 4:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:26, सूर्यास्त 6:04

### मेष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### कर्क
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### सिंह
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कन्या
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

### धनु
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों में में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### मकर
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मीन
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot




**Sir Gary Sobers**
**The Man for All Seasons!**

Sobers was the first batter to hit consecutive sixes in one over while leading Nottinghamshire in August 1968.

**Why Do Some People Cry...**

**Elusive Sea Level Fingerprints** When ice sheets melt, something strange happens to sea levels.



*यूरेशियन बीवर्स (ऊद बिलाव की एक प्रजाति) को इंग्लैंड में यूरोपियन प्रोटैक्टेड प्रजाति के रुप में मान्यता दी गई है, अब इसे पकड़ना, मारना, चोट पहुंचाना या परेशान करना गैर कानूनी हो गया है। इस कदम से, बीवर्स को नियंत्रित करने के लिए पूर्व में जो तरीके काम में लिए जा रहे थे उनपर अंकुश लग गया है। अब भूस्वामी ''नैचुरल ईग्लैंड'' संस्था से लाइसैंस लिए बिना बीवर के बिल या बांध को तोड़ नहीं सकेंगे। वन्य जीव संगठनों ने इस कदम की तारीफ की है। उनका कहना है कि, बीवर्स द्वारा बनाए गए बांधों से पर्यावरण की बड़ी सहायता हुई है, इससे पानी साफ रहता है तथा बाढ़ व अकाल का खतरा भी कम हो जाता है। बीवर ट्रस्ट नामक संस्था की चीफ एग्ज़िक्युटिव सैंड्रा किंग ने कहा कि, बीवर ने हमारी जमीन के इकोसिस्टम की बड़ी सहायता की है और यह कदम इंग्लैण्ड में इस प्रजाति के लिए एतिहासिक है। पूर्व में नैशनल फार्मर्स यूनियन ने बीवर्स को संरक्षण प्रदान करने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि बीवर्स के बनाए बांधों से खेतों में बाढ़ का खतरा हो सकता है। यह संरक्षण उन प्रजातियों को दिया जाता है जो संकटग्रस्त हैं, संकट के कगार पर हैं या दुर्लभ हैं और पूरे यूरोप में खतरे से जूझ रही हैं। यूरेशियन बीवर कभी बड़ी तादाद में मिलते थे, पर 400 साल पहले अंधाधुंध शिकार की वजह से लुप्त हो गए। इन्हें ब्रिटेन में कई स्थानों पर पुनः बसाया गया। वर्ष 2009 में स्कॉटिश बीवर ट्रायल प्रॉजैक्ट के तहत स्कॉटलैण्ड में भी इन्हें बसाया गया, जो कि यू.के का पहला अधिकृत मैमल्स रीइन्ट्रोडक्शन प्रॉजैक्ट था। बाद में वर्ष 2019 में बीवर्स को स्कॉटलैण्ड में संरक्षित प्रजाति का स्टेटस दिया गया। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट्स, जिन्होंने पूरे यू.के. में बीवर्स छोड़े जाने का काम देखा है, ने बीवर्स को संरक्षण देने की खबर पर खुशी जाहिर की है।*

# काफी संतुष्ट होकर पायलट दिल्ली लौटे, अपनी जयपुर यात्रा के बाद

**-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-**

जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में मची राजनीतिक उथल-पुथल की थिओरैटिकल धुरी में अब बहुत महत्व इस बात का हो गया है कि, हाई कमान के, सचिन पायलट को राजस्थान का मु.मंत्री ''थोपने'' के प्रयास के विरोध में, शांति धारीवाल के निवास पर आखिर कितने विधायक मौजूद थे और इसी क्रम में कितने विधायकों ने अन्ततोगत्वा विधानसभा अध्यक्ष के घर जाकर विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया। ''लॉजिकली'' इस प्रश्न का सीधा जवाब विधानसभा अध्यक्ष के पास होना चाहिये।

पर, न तो, वे कन्फ्यूज़न हटाने के लिये, स्वेच्छा से बता रहे हैं और न ही हाई कमान उनसे सीधे ही पूछ रहा है। कन्फ्यूज़न दोनों पक्षों को माफिक आ रहा है। गहलोत तो गर्व से, छाती ठोक कर कह रहे हैं कि, 92 विधायक उनके साथ हैं। पर, इस दावे की मजबूती व सच्चाई स्थापित करने के लिये विधायकों की सूची पेश करने में कोई रूचि नहीं दिखा रहा है गहलोत का खेमा। पर, मु.मंत्री, मु.मंत्री ही होता है, उनका पक्ष मीडिया में और ''मित्रता'' से प्रभावित मीडिया में ज्यादा बार और ज्यादा जोरों से सुनायी देता है और दिखता है। अतः ज्यादा ''प्रामाणिक'' लगता है।

कई ''स्वतंत्र चैनल्स'', जो ''सच्चाई'' की खोज में लगे हैं, ने इस बात के कई तर्क व प्रमाण पेश करने के प्रयास किए हैं कि, मु.मंत्री के खेमे के विधायकों की संख्या के बारे में प्रस्तुत दावे में दम या सच्चाई नहीं है। पर, आज तक इन ''खोजी पत्रकारिता'' से ''ओत-प्रोत'' चैनल्स को अपने आंकड़ों व तर्कों का मुख्यमंत्री खेमे से कोई पॉइन्ट-टु-पॉइन्ट, जवाब नहीं मिला है। पर क्यों? क्योंकि, ''बाड़ा'' तोड़ कर स्वेच्छा से होटलों में रहे विधायकों की भाँति इन मु.मंत्री समर्थक विधायकों की मजबूरी है कि वे, ''जायेंगे तो जायेंगे कहाँ?''

सचिन पायलट के लगभग तीन दिवसीय जयपुर प्रवास में, उनकी पार्टी के कई विधायक उनसे जयपुर में भी मिले तथा सम्पर्क किया, कभी परोक्ष रूप से या सीधा ही अपना ''मूक'' समर्थन जताने के लिये। खुल कर, सार्वजनिक रूप से मुखरित क्यों नहीं हो रहे? शायद, इसलिये कि, अभी से ''कलेजा खोलने से क्या लाभ'', जब पर्यवेक्षक पूछेंगे तो उनके कान में बता देंगे, हम किसके साथ हैं। अतः पहले पर्यवेक्षकों को आने तो दो, या उनके कार्यक्रम की घोषणा तो होने दो।

पर्यवेक्षक के कान में ही अपना मत उजागर करने की परम्परा हाई कमान को सूट करती है। गहलोत द्वारा मु.मंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी शुरू करने से पहले विधायकों की ''चॉइस'' जानने के लिये भी इसी पद्धति से रायशुमारी हुई थी तथा रायशुमारी का संचालन करने के लिये गुलाम नबी आज़ाद के नेतृत्व में टीम आयी थी। कांग्रेस विधायक दल में कुल 96 विधायक थे। रायशुमारी में गहलोत के पक्ष में 45-46 विधायकों ने राय दी, उनके उस चुनाव में प्रतिद्वंदी सी.पी. जोशी को अट्ठारह-बीस वोट मिले थे। बाकी विधायकों ने निर्णय हाई कमान पर छोड़ने की राय व्यक्त की थी। ऐसे विधायकों की संख्या लगभग तीस थी। हाई कमान का भी मन अशोक गहलोत को मु.मंत्री बनाने का था। अतः, चुनाव के बाद गहलोत के खेमे ने गहलोत के पक्ष के वोट व हाई कमान पर निर्णय छोड़ने वाले विधायकों की संख्या जोड़कर 70-75 वोट पाने का दावा किया। किसी ने इस दावे को चैलेन्ज नहीं किया: न तो हारे हुए प्रत्याशी के समर्थकों ने, न ही हाई कमान के प्रतिनिधि पर्यवेक्षकों ने और गहलोत के खेमे का चुनौती देने का सवाल ही नहीं उठता था। हाई कमान ने चुप्पी इसलिये रखी कि उनके मन की इच्छा पूरी भी हुई और उसकी क्या ''चॉइस'' थी यह स्पष्ट रूप से उजागर भी नहीं हुआ। हाई कमान को अपना खेल खेलने का पूरा मौका भी मिल गया था। यह तभी संभव है जब, कान में अपनी राय बताने की पद्धति का अनुसरण हो।

पर हाई कमान यह भी नहीं चाहता कि, उसकी ''चॉइस'' के सामने उसका प्रतिद्वंदी, ''चॉइस उम्मीदवार'' के बराबर का हो या उससे भारी हो। जैसा कि, मु.मंत्री बरकत साहब की असामयिक मृत्यु के बाद हुआ। जब विधायक दल की बैठक में रायशुमारी हुई तो, हाई कमान की पसंद रामनिवास मिर्धा को उनके प्रतिद्वंदी हरदेव जोशी से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उदित राज ने राष्ट्रपति मुर्मू के कथन पर व्यांगात्मक टिप्पणी की

- राष्ट्रपति मुर्मू, अपना संवैधानिक पद संभालने के बाद, पहली बार गुजरात यात्रा पर थीं तथा राज्यपाल द्वारा उनके लिए आयोजित नागरिक सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थीं।
- राष्ट्रपति ने गुजरात की प्रशंसा करते हुए कहा था कि, गुजरात देश की आवश्यकता का 76 प्रतिशत नमक प्रड्यूस करता है तथा सारा देश गुजरात का नमक खाता है।
- उदित राज ने ''नमक खाने का अर्थ'' वफादारी से जोड़ा और आगे कहा, जब आदिवासी/एस.सी. का व्यक्ति देश के किसी उच्च पद पर पहुंच जाता है तो, अपना मूल भूल जाता है और चमचागिरी करने लगता है, राष्ट्रपति मुर्मू की भाँति।
- उदित राज पूर्व में भाजपा के सांसद थे तथा 2019 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के इस कथित बयान कि ''गुजरात देश का 76 प्रतिशत नमक उत्पादित करता है और यहां उत्पादित नमक का सभी भारतीय उपभोग करते हैं'' ने उलझन भरी स्थिति पैदान कर दी है, क्योंकि उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और इसके परिणामस्वरूप भाजपा और कांग्रेस के बीच वाक् युद्ध छिड़ गया है।

मुर्मू, गत जुलाई माह में देश का शीर्ष संवैधानिक पद ग्रहण करने के बाद पहली बार गुजरात दौरे पर थीं और राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा अपने सम्मान में दिए गए स्वागत समारोह में संबोधन दे रही थीं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के विभिन्न सैक्टर्स में गुजरात के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में इस राज्य के लोगों को उनकी मेहतन, समर्पण और समाज सेवा के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ''दुग्ध उत्पादन और उपभोग में भारत प्रथम स्थान पर है। श्वेत क्रांति की शुरुआत करने में गुजरात की दुग्ध सहकारी समितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात देश के 76 प्रतिशत नमक का उत्पादन करता है। यह कहा जा सकता है कि सभी देशवासी गुजरात का नमक खाते हैं।''

भाजपा के पूर्व सांसद एवं वर्ष 2019 में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए उदित राज ने मुर्मू के बयान को ''चमचागिरी की हद'' बताया- क्योंकि मुर्मू बयान का यह अर्थ निकाला जा सकता है कि देश के लोगों को इस राज्य के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस कथित अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस के इस नेता को एक नोटिस भेजने का निर्णय लिया।''

उदित राज की पूर्व पार्टी भाजपा ने ''देश की प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति'' के अपमान को लेकर उनसे और कांग्रेस से क्षमा मांगने को कहा।

उदित राज तब से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा हाल ही दिए गए भाषण से संबंधित अपने ट्वीट का बचाव कर रहे है। मुर्मू ने अपने भाषण में कहा था कि ''गुजरात देश का 76 प्रतिशत नमक उत्पादित करता है, यह कहा जा सकता है कि देश के सभी लोग गुजरात का नमक खाते हैं।

यह राज्य, वास्तव में नमक का एक बड़ा उत्पादक है, लेकिन आलोचक जैसे कि उदित राज ''नमक खाते हैं,'' जैसे शब्दों से चिढ़े हुए हैं। यह एक हिंदी कहावत है, जो वफावादी की प्रतिबद्धता को इंगित करती है।

उदित राज ने उनसे कहा कि वे सिर्फ नमक पर ज़िंदा रहें और ऐसी कोशिश करें क्योंकि वंचित समुदायों के लोगों को अक्सर ऐसा ही कुछ करना पड़ता है। राष्ट्रपति के ट्विटर हैण्डिल ने उनके भाषण को साझा किया था।

भाजपा की चिल्ल-पों के बाद राज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गोवा फिल्म फैस्टिवल

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। गोवा में 20 से 28 नवम्बर तक आयोजित होने वाले ''इन्टरनेशनल फिल्म के फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आई.एफ. एफ.आई.) मीडियाकर्मियों के लिये अधिकृत रुप से पूरे सम्मान के साथ खोला जा रहा है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया को ऑनलाइन प्राधिकृत किया जाना शुरु हो गया है। ऑनलाइन मान्यता 5-6 नवम्बर के बीच आधी रात तक, और पूरी तरह सही कहा जाये तो नवम्बर को रात 11:59:59 तक प्राप्त की जा सकेगी।

- 20 से 28 नवम्बर तक चलने वाले इस फिल्म फैस्टिवल के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकारों को ऑनलाइन स्वीकृति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इससे मीडियाकर्मियों को यह अवसर मिलेगा कि वे इस सिनेमाई समारोह एवं प्रेरणा के लिये पर्यटन प्रधान राज्य गोवा में इकट्ठे हो रहे सुप्रसिद्ध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महेश जोशी 26 अक्टूबर तक समय चाहते हैं, नोटिस का जवाब देने के लिये

**उनका दावा है कि, ए.आई.सी.सी. की अनुशासन समिति का कारण बताओ नोटिस उन्हें आज, 6 अक्टूबर को ही प्राप्त हुआ है**

- दो और आरोपित, शांति धारीवाल व धर्मेन्द्र राठौड़ को शायद नोटिस पहले मिल गये थे तथा चर्चाओं के अनुसार, वे अपना जवाब/स्पष्टीकरण भेज चुके हैं।
- क्या महेश जोशी का जवाब नहीं देना, अनुशासन समिति की कार्यवाही लम्बी खींचना है।
- अनुशासन की कार्यवाही जब तक पूरी नहीं होती तो क्या मुख्यमंत्री को बदलने का कार्यक्रम भी टल जाता है? जैसा कि चर्चित है, ज्योतिष की दृष्टि से 23 अक्टूबर तक का समय मु.मंत्री के लिये शुभ नहीं है, अतः अगर यह, 23 अक्टूबर तक का समय टल जाता है तो मु.मंत्री सेफ हो जाते हैं।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। जिस दिन कांग्रेस के तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस दिए गए थे, तब उनसे उम्मीद थी वे इनका जवाब देंगे। लेकिन उक्त तीन में से एक महेश जोशी ने कहा है कि उन्हें नोटिस आज ही मिला है और वह 26 अक्टूबर तक इसका उत्तर देंगे।

यह देखना रोचक होगा कि अनुशासन समिति और कांग्रेस नेतृत्व इस पर अपनी क्या प्रतिक्रिया देते हैं, एक बात तो स्पष्ट है कि हताश अशोक गहलोत इस मामले को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहे हैं और जितना अधिक संभव हो, उतने समय तक मुख्यमंत्री के बंगले में रहना चाहते हैं।

जमीनी गणित दर्शाती है कि यदि गहलोत पार्टी को विभाजित करने की कोशिश करते हैं तो 12-13 से अधिक विधायक पार्टी छोड़कर नहीं जाएंगे। विश्लेषकों के अनुसार यह संख्या भी ज्यादा है।

गहलोत धमकी दे रहे हैं कि यदि उन्हें हटा दिया गया तो वह सरकार गिरा देंगे। वह और ज्यादा विधायकों का समर्थन पुनः प्राप्त करने के लिए समय लेने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सूत्र कहते हैं कि ऐसा हो नहीं पा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोनिया दो घंटे पैदल चलीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। ''भारत जोड़ो यात्रा'' के प्रति अपनी भावना की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के रूप में, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कर्नाटक के मांड्या जिले में जक्कानाहल्ली तथा क्राद्या के बीच अपने पुत्र राहुल गांधी के साथ चलते हुये पद यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

- कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि, सोनिया सिर्फ 30 मिनट ही रूकने वाली थीं पर जनता के भारी उत्साह और समर्थन को देखकर वे दो घंटा तक यात्रा में रहीं और पैदल भी चलीं।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता तथा ए.आई.सी.सी. महासचिव जयराम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धर्मेन्द्र राठौड़ की अचानक घोषणा से ''पैलेस ऑन वील्स'' की बोर्ड बैठक में हड़कम्प मचा

**धर्मेन्द्र राठौड़ चाहते थे कि, सरकारी आदेश की अनदेखी कर आर.टी.डी.सी. ''पैलेस ऑन वील्स'' का संचालन स्वयं करे**

- बोर्ड के अन्य सदस्य, पर्यटन विभाग, वन विभाग और रोडवेज़ विभाग के प्रतिनिधियों ने ही आर.टी.डी.सी. के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ के प्रस्ताव की आलोचना की और प्रस्ताव पास नहीं होने दिया।
- विवाद का विषय है, कोविड के दौरान ट्रेन कैंसल होने के कारण, जी.एस.ए. (जनरल सेल्स एजेन्सीज़) को दिये जाने वाले ''रिफंड वाउचर्स''।
- धर्मेन्द्र राठौड़ के प्रस्ताव में पर्यटन विभाग को भारी नुकसान उठाये जाने की संभावना जताई गई थी बैठक के दौरान।
- आगे यह भी कहा गया था कि, जी.एस.ए. ''रिफंड वाउचर्स'' का इस्तेमाल करके मुफ्त टिकट लेकर भारी मुनाफा कमा सकती हैं।
- मुद्दा यह भी है कि, कैबिनेट की बैठक में प्राइवेट पार्टी को साथ लिए जाने के संबंध में जो आदेश पारित हुआ था उसके तहत अगर प्राइवेट पार्टी को जोड़ा जाता, तो न केवल राजस्व में वृद्धि होती बल्कि प्राइवेट पार्टी जी.एस.ए. को दिए गए रिफंड वाउचर्स व उनके दुरूपयोग पर भी कड़ी निगरानी रखती।

जयपुर, 6 अक्टूबर (का.सं.)। पैलेस ऑन वील्स ट्रेन, जिसकी सेवाएं करोना महामारी के कारण मार्च 2020 में बंद कर दी गई थीं, अब ढाई साल बाद पुनः शुरू की जायेंगी। समाचारों के अनुसार 8 अक्टूबर से जयपुर से इसका ''फेम टूर'' आरंभ किया जायेगा और 12 अक्टूबर से दिल्ली से इसकी सेवाएं पूरी तरह शुरू की जायेंगी। सूत्रों की माने तो 8 अक्टूबर को इस ट्रेन को स्वयं मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

गौरतलब है कि 27 अगस्त को हुई कैबिनेट की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि पैलेस ऑन वील्स ट्रेन को ''भारत गौरव ट्रेन पॉलिसी'' के अधीन ''ऑपरेशन एंड मैंटिनैंस मॉडल'' के तहत शुरू किया जायेगा। पाठकों को बता दें कि ''ऑपरेशन एंड मैंटिनैंस मॉडल'' के तहत निजी पार्टी को निविदा में आमंत्रित किया जाएगा और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) मॉडल की मदद से इस ट्रेन सुविधा का संचालन होगा। इस नीति को लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि इससे इस ट्रेन सुविधा को ज्यादा मुनाफाजनक बनाया जा सके और राज्य व केंद्र सरकार ज्यादा राजस्व कमा सकें। उल्लेखनीय है कि पहले इस ट्रेन से पर्यटन विभाग को सालाना तीन करोड़ रु. की आमदनी हो रही थी, लेकिन निजी पार्टी से पार्टनरशिप के बाद आय सालाना आठ करोड़ रु. तक बढ़ने की संभावना जताई गई है।

अचंभे की बात है कि राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आर.टी.डी.सी.), जो इस ट्रेन के संचालन के लिये मुख्य रूप से जिम्मेदार है, उसने निजी पार्टियों को आमंत्रित करने के लिये निविदा भी जारी नहीं की। इससे साफ जाहिर है कि कैबिनेट में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ताईवान में अमेरिकी हथियार


**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। अमेरिका के वर्तमान एवं पूर्व अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका ताईवान में हथियारों के बहुत विशाल जखीरे के भण्डारण के जबरदस्त प्रयास करने में लगा हुआ था ताकि चीन की भूमि से होने वाले हमले को हतोत्साहित करने के लिये, ताईवान को हथियारों एवं युद्ध-सामग्री से पूरी तरह भरे हुये

- अमेरिका ने ताईवान में हथियारों का भंडार बनाने की कवायद तेज कर दी है ताकि चीन के अचानक हमले की दशा में ताईवान अपनी सुरक्षा कर सके।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रोशनी से जगमग हुआ जनपथ



''इन्वेस्ट राजस्थान'' में शामिल होने के लिये देश-विदेश से निवेशक जयपुर पहुंच चुके हैं। उन्हें जयपुर की सुंदरता से रूबरू कराने के लिये गुरूवार शाम को जनपथ पर विशेष रोशनी और सजावट की गई। देर शाम ऐसा लग रहा था जैसे दीपावली का त्यौहार हो। ज्ञात रहे कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिये राज्य सरकार दो दिवसीय ''इन्वेस्ट राजस्थान'' कार्यक्रम जयपुर के सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. में शुक्रवार सुबह शुरू करेगी।

## 'ईमानदार अफसरों से सरकार कर रही है नाइंसाफी'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में जब-जब कांग्रेस की सरकार रहती है और कांग्रेस सरकार के समय जो भी प्रकरण होते हैं उन प्रकरणों में अधिकारियों की बिना जांच किए सजा देने का काम किया जाता है। राजस्थान में पहले चुरूवाल की घटना हुई, उसमें अधिकारियों का कोई दोष नहीं था और उसमें भी अधिकारियों की बलि लगाने का काम राजस्थान सरकार ने किया। उसके पहले गोपालगढ़ के कांड के अंदर भी अधिकारियों की बिना गलती उनको सजा देने का काम किया गया और इसी तरीके से जयपुर के अंदर अधिवक्ताओं के आंदोलन की अंदर भी अधिकारियों की बलि देने का काम सरकार ने किया और अब टोंक जिले के निवाई में डिप्टी एसपी और एसएचओ की बलि देने का काम सिर्फ इसलिए किया गया कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रास्ता जाम करने का काम किया।

# जयपुर में करोना से एक संक्रमित की मौत

## प्रदेश में गुरूवार को 28 नए मरीज मिले हैं

- जयपुर में पिछले चौबीस घंटे में 8 नए रोगी पाए गए हैं।
- राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 37 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 288 रह गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में गुरूवार को थोड़ी और गिरावट के बाद 28 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच राजधानी जयपुर में एक संक्रमित की मौत हुई है। हालांकि राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 37 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 288 रह गए हैं।

राज्य में गुरूवार को 9 जिलों में 28 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले बुधवार को इनकी संख्या 36 रही थी। इधर राजधानी जयपुर में आज 8 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 6, अजमेर में 5, कोटा में 3, जालोर में 2 तथा अलवर, बारां, जोधपुर और पाली में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 2 हजार 349 जांचे की गई।

उधर प्रदेश में तेजी से रिकवरी होने से लगातार एक्टिव केस कम हो रहे है। राज्य में गुरूवार को 37 संक्रमितों के स्वस्थ्य होने से एक्टिव केस घटकर 288 रह गए हैं। इनमें से 69 संक्रमितों का इलाज जयपुर में चल रहा है।

प्रदेश में भले ही नए संक्रमितों की संख्या में कमी आ रही है, लेकिन थोड़े-थोड़े अतंराल में इस बीमारी से होने वाली मौतों का सिलसिला जारी है। गुरूवार को भी करोना से जयपुर में एक संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9643 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में गुरूवार को 7 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें मानसरोवर में 3, आदर्श नगर, बजाज नगर, मालवीय नगर, मुरलीपुरा और सोड़ाला में 1-1 नया मरीज मिला है।

# जिस दिन कारण बताओ नोटिस का जवाब देना था, उसी दिन नोटिस मिला है : महेश जोशी

- उधर अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर बोले, जवाब संतोषजनक हुआ तो मिलेगी माफी
- जबकि 27 सितंबर को ही धारीवाल जोशी और राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी हुए थे

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस आलाकमान की ओर से गत 25 सितंबर को बुलाई गई विधायक दल की बैठक से पहले समानांतर बैठक के लिए विधायकों को फोन करने के चलते मुख्य सचेतक महेश जोशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं अपने घर पर बैठक बुलाने तथा आलाकमान के खिलाफ भाषण दिए जाने के बाद संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और बैठक की व्यवस्थाएं किए जाने के मामले में आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर की ओर से जारी इन नोटिस में जवाब देने का समय 6 अक्टूबर तय था। जिस दिन यह नोटिस जारी किए गए थे, उसी दिन सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से यह नोटिस वायरल हो गए थे। लेकिन अब इस बारे में मुख्य सचेतक महेश जोशी का कहना है कि उन्हें कारण बताओ नोटिस आज यानी कि 6 अक्टूबर मिला है, इसलिए वे इसका जवाब 10 दिन में देंगे।

वैसे तो 27 सितंबर को दिए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का समय 6 अक्टूबर को अंतिम दिन था। इसी आधार पर संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कारण बताओ नोटिस का जवाब अनुशासन समिति को भिजवा दिया है। लेकिन मुख्य सचेतक महेश जोशी को अब तक यह नोटिस नहीं मिला था, जैसा कि वे खुद कह रहे हैं।

ऐसे में मुख्य सचेतक ने वायरल हुए नोटिस के आधार पर कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। लेकिन जैसे ही यह खबरें सामने आई कि महेश जोशी को अब तक नोटिस नहीं मिला है। आलाकमान हरकत में आया और गुरुवार को महेश जोशी को कांग्रेस अनुशासन समिति की ओर से नोटिस भिजवा दिया गया है। अब महेश जोशी का कहना है कि भले ही उन्हें आज नोटिस मिला हो और उनके पास 10 दिनों का समय है।

दूसरी ओर कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने कहा कि तीन नेताओं में से अभी तक किसी का भी जवाब नहीं मिला है। हो सकता है 9 दिन नवरात्र की पूजा पाठ होने की वजह से जवाब में देरी हो रही हो, मेरा मानना है कि तीनों के जवाब जल्दी आ जाएंगे। जवाब आने के बाद अनुशासन कमेटी की बैठक बुलाकर देखा जाएगा कि उनके जवाब संतोषजनक है या नहीं। हमारे ऑब्जर्वर ने जो रिपोर्ट दी है, वही उसका आधार है। रिपोर्ट में जो आरोप लगाए उसके आधार पर वो नोटिस का क्या जवाब देते हैं, इस पर आगे का एक्शन तय होगा। अगर उनका जवाब संतोषजनक होगा तो माफ भी किया जा सकता है।

## डायरेक्टर ओम राउत को भेजा नोटिस

**जयपुर, (का.सं.)।** आदि पुरुष फिल्म में हनुमान जी और अन्य देवी देवताओं का अपमान करने की साजिश रची जा रही है। प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदि पुरुष के टीजर में हनुमानजी को जो अंग वस्त्र पहना रखे है वो चमड़े के दिख रहे है। इससे हमारी आस्था को चोट पहुंची है। साथ ही अन्य देवी देवताओं को भी काल्पनिक ढंग से दिखाया जा रहा है, जो कि सरासर गलत है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस संदर्भ में आज सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से इस फिल्म के निदेशक ओम राउत को एडवोकेट कमलेश शर्मा ने नोटिस भेजा है और सात दिन का समय दिया है कि सभी इस प्रकार के सीनों को हटायें। अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# छेड़छाड़ के अभियुक्त को तीन साल की सजा

- एक लाख दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग छात्रा से आए दिन छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त नरसी मीणा को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि मामले में 22 अप्रैल 2021 को पीड़िता के पिता ने विराट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अभियुक्त उसकी पन्द्रह साल की बेटी को पिछले एक साल से बहला फुसला कर गंदा काम करने के लिए परेशान कर रहा है। अभियुक्त ने पीड़िता पर दबाव डालकर मोबाइल उपलब्ध कराया और उससे गंदी-गंदी बाते करता है। इस पर उसने समाज के लोगों से शिकायत की थी। उस समय अभियुक्त ने गलती मान ली थी, लेकिन अब वह पीड़िता का आए दिन एकांत में रास्ता रोक लेता है। जब इसकी शिकायत उसके परिवार वालों से की तो उन्होंने भी अपने आप को असहाय बताकर पल्ला झाड़ लिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

# सीएफओ फुलवारी सहित तीन के खिलाफ आरोप पत्र पेश

**जयपुर, (का.सं.)।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत में एसीबी ने भ्रष्टाचार के मामले में ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन चीफ फायर ऑफिसर जगदीश फुलवारी, चालक श्रवण लाल कुमावत और दलाल राकेश वर्मा के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। आरोप पत्र में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के साथ-साथ आईपीसी की धाराओं में आरोप लगाए गए हैं।

गौरतलब है कि फायर सिस्टम लगाने वाले ठेकेदार ओमप्रकाश ने एसीबी में शिकायत दी थी कि परिवादी की फर्म की ओर से लगाए गए फायर उपकरणों के संबंध में एनओसी जारी करने के एवज में आरोपी उससे रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने गत चार अगस्त को सीएफओ और उसके चालक को गिरफ्तार किया था। वहीं बाद में दलाल राकेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि एनओसी जारी करने की एवज में एक अगस्त को राकेश ने पचास हजार रुपए और चार अगस्त को श्रवण ने पचास हजार रुपए रिश्वत ली थी। एसीबी की जांच में आया कि आरोपी जगदीश फुलवारी ने अपने बेटे के नाम से फायर उपकरणों की एजेंसी ली हुई थी। जो भी व्यक्ति इनके पास एनओसी लेने के लिए आता था तो फुलवारी उसे अपने बेटे की फर्म से उपकरण खरीदने का दबाव बनाता था। एसीबी को पूर्व में भी फुलवारी के खिलाफ कई शिकायतें मिली थी। वहीं कई दिनों रडार पर रखने के बाद एसीबी ने चार अगस्त को फुलवारी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने गत दो सितंबर को फुलवारी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था।

## राज्यपाल से देवेन्द्र झाझड़िया ने मुलाकात की

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले और हाल ही में मारकेच सिटी में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में रजत पदक जीतने वाले देवेन्द्र झांझड़िया ने मुलाकात की।

राज्यपाल कलराज मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने उन्हें उनकी खेल उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए सराहना की।

# राज्य सरकार को सीएजी रिपोर्ट सौंपी

**जयपुर,(कासं)।** भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने राजस्थान में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के कार्यान्वयन पर निष्पादन संबंधी 7वीं रिपोर्ट और पंचायती राज संस्थाओं से संबन्धित रिपोर्ट 30 सितम्बर को राज्य सरकार को सौंप दी है। अब ये रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखी जायेगी।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के कार्यान्वयन पर निष्पादन संबंधी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2019-20 एवं पंचायती राज संस्थाओं से संबन्धित रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020-21 से संबन्धित नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां और आक्षेप शामिल हैं।

संविधान के अनुच्छेद 151 के अनुसार नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को हर साल राज्य सरकार और उनके सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के लेखों के संबंध में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होती है। यह लेखा परीक्षण संबंधित राज्य के महालेखाकार द्वारा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के निर्देशन में किया जाता है।


**खोया पाया**

मेरा मकान संख्या-113, 11-एच स्कीम बजरी मंडी रोड मीनावाला, जयपुर के मूल कागजात मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति लि. के हैं जो कहीं खो गये हैं। मिलने पर सूचित करें। यादव मो. 9796949612

मेरे आवास संख्या 263/ 493 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र कहीं गिर/ गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें- देवेन्द्र कुमार 9461103716


# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव पर रोक के खिलाफ याचिकाएं दायर

**जयपुर, (का.सं.)।** देश के अधिवक्ताओं की नियामक संस्था बार कौंसिल ऑफ इंडिया की ओर से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के 18 नवंबर को प्रस्तावित चुनाव पर रोक लगाने के फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिकाएं पेश की गई है। चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों प्रहलाद शर्मा और रोहन जैन सहित अन्य की ओर से पेश इन याचिकाओं पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

याचिकाओं में कहा है कि बीसीआई को बार एसोसिएशन के चुनावों पर रोक लगाने का क्षेत्राधिकार नहीं है और पूर्व में भी हाईकोर्ट ने बीसीआई के चुनाव पर रोक के फैसले को रद्द किया था। इसके अलावा एक अधिवक्ता एक से ज्यादा बार में सदस्य हो सकता है और उस पर किसी तरह की पाबंदी नहीं है, लेकिन बीसीआई ने वन बार वन वोट के मुद्दे पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर सहित अन्य बार एसोसिएशनों के चुनाव पर रोक लगाई है। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान ने अपने स्तर पर पहले ही वन बार वन वोट को लेकर दिशा-निर्देश दे रखे हैं और मामले में हाईकोर्ट बार की ओर से गठित कमेटी भी इस संबंध में अपने सुझाव पेश कर चुकी है। ऐसे में बीसीआई के चुनाव पर रोक के आदेश को रद्द कर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर को निर्देश दिए जाए कि प्रस्तावित तिथि पर ही चुनाव कराए जाए।

गौरतलब है कि सुमेर सिंह ओला की ओर से वन बार वन वोट की प्रभावी पालना के लिए बार कौंसिल ऑफ इंडिया में याचिका पेश की थी। इस पर सुनवाई करते हुए बीसीआई ने बार कौंसिल ऑफ राजस्थान और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर को नोटिस जारी करते हुए 9 जनवरी तक जवाब तलब किया था। वहीं 18 नवंबर को हाईकोर्ट बार के प्रस्तावित चुनावों सहित प्रदेश की किसी भी बार एसोसिएशन में चुनाव कराने पर रोक लगा दी थी।

## जयपुर-ओंकारेश्वर एक्सप्रेस बस सेवा शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की जयपुर-ओंकारेश्वर मार्ग पर करोना काल में बन्द की गई बस सेवा को फिर से शुरू किया गया।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुये जयपुर-ओंकारेश्वर मार्ग पर संचालन किया जावेगा। इस बस सेवा का लाभ जयपुर, टोंक, कोटा, उज्जैन व इन्दौर के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।

वर्मा ने बताया कि जयपुर-ओंकारेश्वर के लिये यह बस जयपुर से 16.40 बजें रवाना होकर टोंक 18.45, कोटा 22.25, उज्जैन 5.10, इन्दौर 6.30 तथा ओंकारेश्वर 8.30 बजे पहुँचायेगी वापसी में ओंकारेश्वर से 16.30 बजे रवाना होकर इन्दौर 20.30, उज्जैन 21.20, कोटा 3.40, टोंक 7.05 तथा जयपुर 9.10 बजे पहुँचेगी। जयपुर से ओंकारेश्वर के लिये एक्सप्रेस बस सेवा का प्रति यात्री जयपुर से उज्जैन का 516 रू. जयपुर से इन्दौर का 570 रू. तथा ओंकारेश्वर का किराया 648 रूपये निर्धारित किया गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि जयपुर-ओंकारेश्वर मार्ग पर पूर्व में संचालित हो रही बस सेवा को करोना काल में बन्द कर दिया गया था।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रामप्यारी** धर्मपत्नी श्री घासीलालजी का देवलोकगमन दिनांक 5.10.2022 को हो गया। तीये की बैठक 7.10.2022 शुक्रवार को सांय 4 से 5 बजे निजनिवास-106, टैगोर नगर, करतारपुरा जयपुर होगी।

**शोकाकुल**- सुरेंद्र-कंचन, अनिल, अनीता, मुकेश-शकुन्तला (पुत्र-पुत्रवधू) 9314502741



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी **श्रीमती मोहनी देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री ठाकुर नाथू सिंह (ठिकाना-बागोली) का स्वर्गवास दिनांक 05.10.2022 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 07.10.2022 को जन उपयोगी केंद्र सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर पर सांय 4:00 से 5:00 बजे होगी।

**शोकाकुल**- ठा. कैलाश सिंह, ठा. शंकर सिंह, ठा. प्रकाश सिंह, ठा. नंद सिंह, ठा. महेंद्र सिंह (SMS), ठा. धर्मपाल सिंह, ठा. मनोज सिंह, ठा. होशियार सिंह (पुत्र) एवं समस्त खींची परिवार ठिकाना- बाघोली।

मो.- 8209793948, 7976521392



**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य लाली देवी पत्नी स्वर्गीय मदन लाल के हस्व हिदायत अनुसार लोक साधारण को यह सूचित किया जा रहा है कि मेरा बड़ा पुत्र राकेश उर्फ बकरा पुत्र स्वर्गीय मदन लाल आयु-27 वर्ष आये दिन मेरे व मेरे छोटे पुत्र के साथ गाली गलौच, मारपीट व अभद्र व्यवहार करता रहा हैं तथा समझाईश करने पर भी नही मानता है तथा घर से बाहर जाकर गैरकानूनी कार्य करता है और हमारे समझाने के बावजूद हमारा कहा नहीं मानता है और कुछ अर्से पूर्व मेरा घर छोड़कर अलग रहने लगा है, जिससे मेरे पुत्र राकेश का मुझसे व मेरे पुत्र रवि से कोई व किसी प्रकार का सम्बन्ध व सरोकार नहीं रह गया है। मैं मेरे बड़े पुत्र राकेश को मेरी सभी चल व अचल सम्पत्ति 22, तिरूपति बाला जी नगर, सांगानेर, जिला जयपुर से पूर्णतया बेदखल करती हूँ। यदि कोई व्यक्ति मेरे पुत्र राकेश उर्फ बकरा से कोई संव्यवहार करता है अथवा मेरा बड़ा पुत्र राकेश कोई गैरकानूनी कार्य करता है तो इसमें मेरी व मेरे पुत्र रवि की कोई जिम्मेदारी नहीं है।
(धीरेन्द्र सिंह राजावत) एडवोकेट, मो.न. 9214529094

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Naim Ahmed to Naim Ahmed Siddique in future 66, Shafaqat Colony, Maliyaon Ka Chowk, Char Darwaza, Jaipur.

I have changed my name from Quiemuddin Ziavuddin to Ziauddin in future 3505, Opp. Ist Boring Mahalla, Pharganj, Suraj Pole, Jaipur.

I Ravidutt S/o Bhagwan Sahay R/o Milakpur, Alwar, Rajasthan-301701, have changed my name to Ravindra Yadav.

I have changed my mame from Rajesh Kumar Mathur to Rajesh Mathur S/o Kailash Narayan Mathur for all purpose. Plot No. A-4 And 5, Janta Store, Chikitsalaya Marg, Bapu Nagar, Jaipur.

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती राजू देवी पत्नी स्व.श्री प्रहलाद जाति मीणा
विवाद स्थान............
मृतक प्रहलाद मीणा की सम्पत्ति के विषय में
पेशी दिनांक- 29.11.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम प्रहलाद मीणा पुत्र स्व.श्री डगल्याराम जाति मीणा निवासी ग्राम कादेड़ा, तह. चाकसू, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 29 माह 11 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 06 माह 10 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
रीडर-अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-11, जयपुर महानगर प्रथम
मोहर मुख्यालय सांगानेर


# हवा सड़क एलिवेटेड रोड पर निकला वाहनों का रैला

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर सड़क का नाम भी ''भारत जोड़ो सेतू'' रखा

- इस एलिवेटेड रोड के बनने के बाद अब 22 गोदाम, हवा सड़क और सोडाला तिराहे पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी
- मंच पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की जुबान फिसली, उन्होंने कहा ''राजीव गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं।''

**जयपुर (कासं)।** अंबेड़कर सर्किल से सोडाला पुलिया तक बनी हवा सड़क एलिवेटेड रोड का शुभारंभ गुरूवार देर शाम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने किया। जैसे ही सड़क का उद्घाटन हुआ तो शाम-शाम होते यहां से वाहनों का रैला निकलने लगा। इस कारण 22 गोदाम पुलिया पर भी हल्का यातायात दबाव कम हुआ।




हवा सड़क एलिवेटेड रोड़ का शुभारंभ करने के बाद समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसका नाम ''भारत जोड़ो सेतू'' रख दिया। जो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इन दिनों देश में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित है। मंच पर भाषण पढ़ने के दौरान आई एक पर्ची को देखकर गहलोत ने तुरंत इस सड़क का नामकरण किया। उन्होंने कहा कि आज इस देश में जो माहौल है और राहुल गांधी देश में शांति, सौहार्द बनाए रखने, महंगाई-बेरोजगारी दूर करने के लिए जो यात्रा निकाल रहे है, उसे देखते हुए मैं इसका ये नाम रखने का निर्णय करता हूं। गहलोत ने कहा कि जयपुर शहर के विकास के लिए सेंट्रल पार्क, घाट की गुणी, चौपाटी, गुर्जर की थड़ी अंडरपास जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया। जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिल रही है।

गहलोत से पहले यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने भी अपने भाषण में इस एलीवेटेड रोड का नाम ''भारत जोड़ो सेतू'' रखने की बात कही थी। इस दौरान धारीवाल की जुबान फिसली, उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि राजीव गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे है। उन्होंने कहा कि आज जो ये एलीवेटेड बना है, ये एक चौराहे को दूसरे चौराहे से जोड़ता है, ये चौराहे ही नहीं बल्कि दिलों को भी जोड़ता है। ज्ञात रहे कि करीब 250 करोड़ की लागत से करीब बनी हवा सड़क एलिवेटेड रोड के बनने से 22 गोदाम, हवा सड़क और सोडाला तिराहे पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। अभी अंबेडकर सर्किल से 22 गोदाम सर्किल, हवा सड़क होते हुए सोडाला सब्जी मंडी पहुंचने में करीब 20 से 25 मिनट का समय लगता है। इस एलिवेटेड रोड से यह सफर महज 10 मिनट में पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने समारोह में राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर परिसर में गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य, सांझरिया में 43 एम.एल.डी. क्षमता के एसटीपी, पृथ्वीराज नगर उत्तर में 1200 एम.एम. व्यास की मुख्य ट्रंक लाईन, पृथ्वीराज नगर उत्तर में 600-900 एम.एम. व्यास की मुख्य ट्रंक लाईन, लुनियावास-गोनेर रोड पर एवं वन्दे मातरम रोड-मुहाना मण्डी रोड पर मुख्य ड्रेनेज का कार्य का भी शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, लालचंद कटारिया, विधायक रफीक खान, विधायक गंगा देवी, गोपाल मीणा, अमीन कागजी, महापौर मुनेश गुर्जर व शील धाभाई, जेडीसी रवि जैन और यूडीएच प्रमुख सचिव कुंजी लाल मीणा भी मौजूद रहे।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी-नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर)**

क्रमांक-न.पा.शा./22-23/2653 **लोक सूचना** दिनांक-04.10.2022

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का कृषि भूमि से गैर कृषिक प्रयोजनार्थ भू-रूपान्तरण हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्रं.सं. | नाम खातेदार | तहसील | पटवार सर्कल | राजस्व ग्राम | खसरा नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री चन्द्रभान गोरा पुत्र श्री श्योजी राम गोरा | शाहपुरा | शाहपुरा | शाहपुरा | 5790/2756 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना में हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 04.10.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका शाहपुरा, जयपुर

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3997-98 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-29.09.2022

श्री तारा चन्द पुत्र स्व.श्री विमल प्रसाद, जाति हरिजन, निवासी-वार्ड नं.28, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.28 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाएँ पूरब में आम रास्ता, पश्चिम में आवास श्री दीनाराम हरिजन का, उत्तर में आवास श्री रामसुख हरिजन का एवं दक्षिण में आवास श्री बंशीधर हरिजन का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 46'-5'' एवं उत्तर-दक्षिण 18'-7'' होकर कुल रकबा 80.13 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29.09.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

# दर्जनभर बदमाशों ने आधी रात को घर में घुसकर युवक की हत्या की

## बाइक टच होने की बात पर मृतक के साथ हुआ था बदमाशों का झगड़ा

**■ शिप्रापथ की जगन्नाथपुरी प्रथम कॉलोनी का मामला, पुलिस ने छह घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को दबोचा**

**जयपुर** (कासं)। शिप्रा पथ इलाके में आपसी विवाद में घर में घुसकर युवक के सिर पर सरिए और डंडे से वार कर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से बदमाश फरार हो गए थे, इनके मुख्य बदमाश को पुलिस ने 6 घंटे के भीतर ही दबोच लिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में मृतक का अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और परिजनों की ओर से हत्या का मामला दर्ज किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मुख्य आरोपी डालचंद उर्फ टोनू उर्फ शिवम वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह जयपुर से बाहर भागने की फिराक में था।

थानाधिकारी दिलीप सोनी ने बताया कि विकास बंजारा उर्फ वकील (23) नाम का युवक एक सी.के बिरला अस्पताल में लैब टैक्नीशियन का काम करता था। जो बुधवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहा था और उसके साथ में उसके तीन अन्य साथी भी मौजूद थे। जगन्नाथपुरी कॉलोनी में कुछ युवकों से बाइक टच हो जाने को लेकर बंजारा व उसके साथियों का विवाद हो गया। इस दौरान दोनों गुट आमने-सामने हो गए और झगड़ने लगे। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और वकील बंजारा व उसके साथियों को उनके किराए के मकान पर जाने को कहा। इसके बाद दूसरे गुट के युवकों ने बंजारा का किराए का मकान देख लिया और देर रात के एक बजे के बाद तकरीबन एक दर्जन बदमाश सरिए व डंडे लेकर पहुंच गए। बदमाशों ने वकील बंजारा के किराए के मकान के गेट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और छत में ऊपर बने कमरे में मौजूद बंजारा व उसके तीन साथियों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बंजारा के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसके साथी को लहूलुहान स्थिति में छोड़कर हमलावर मौके से फरार हो गए। शोर-शराबे की आवाज सुनकर आसपास के रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकले और पुलिस को वारदात की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को जयपुर अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। जबकि उसके साथी को गंभीर घायल हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की। करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी डालचंद उर्फ टोनू उर्फ शिवम वर्मा को बापर्दा गिरफ्तार किया।

# पांच मंजिला अवैध बिल्डिंग में बने आठ फ्लैट्स सील

## प्रताप नगर में कोचिंग हब के पास बिल्डर ने किया था अवैध निर्माण



जेडीए की टीम ने सायपुरा रोड पर शिकारपुरा गांव में कृषि भूमि पर बन रही फैक्ट्री को सील किया।

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर में कोचिंग हब के नजदीक इंद्र विहार कॉलोनी में 5 मंजिला अवैध बिल्डिंग में बने 8 फ्लैट्स को जेडीए प्रशासन ने गुरूवार सुबह सीज किया। इसके अलावा सायपुरा रोड पर ग्राम शिकारपुरा में हरित वालों की ढाणी में करीब 100-120 वर्ग गज कृषि भूमि पर बना जा रही फैक्ट्री को भी सील किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि आबकारी रोड पर जेडीए की अप्रूव्ड योजना इंद्र विहार कॉलोनी के भूखंड-47 की 225 वर्गगज जमीन पर यह अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां जीरो सैटबैक पर बिना जेडीए की इजाजत 5 मंजिला इमारत में 13 फ्लैट्स बनाये जा रहे थे। बिल्डर ने 5 फ्लैट्स में परिवारों को ठहरा तक दिया था। इस पर जेडीए ने 6 नोटिस जारी किये और अवैध निर्माण हटाने को पाबंद किया था। 8 खाली फ्लैट्स में परिवार नहीं रहे, इसके लिए गार्ड तैनात किये। इसी बीच बिल्डर ने कोर्ट से स्टे ले लिया, जहां जेडीए प्रशासन ने भी अपना पक्ष रखा। इस पर 26 जुलाई को बिल्डर की अपील खारिज हुई। इसके बाद गुरूवार को इस 5 मंजिला अवैध बिल्डिंग में 8 खाली फ्लैट्स को सील किया। जबकि शेष 5 फ्लैट मालिकों पर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# झारखंड़ से दो साइबर ठग गिरफ्तार

## रेलवे टिकट बुकिंग एप को अपडेट करने के बहाने आरोपियों ने करीब 2.25 लाख रुपये ठग लिये थे



साइबर क्राइम पुलिस ने गुरूवार को दो ठगों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑफेंसेस एंड साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेलवे टिकिट बुकिंग एप को अपडेट कर टिकट बुक करने के नाम पर ठगी करने दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजय पाल लाम्बा ने बताया कि ऑफेंसेस एंड साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेलवे टिकिट बुकिंग एप को अपडेट कर टिकट बुक करने के नाम पर ठगी करने सरयू प्रसाद बर्नवाल (41) निवासी धनबाद झारखंड और प्रकाश कुमार (22) निवासी धनसार जिला धनबाद झारखण्ड हाल शिलाओं जिला नालन्दा बिहार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित लोगों को फोन कर रेलवे की टिकिट बुकिंग एप आईआरसीटीसी को अपडेट करने के नाम पर उनसे क्विक सपोर्ट एप डाउनलोड करवाकर मोबाईल का सारा एक्सेस प्राप्त कर लेते है। इसके बाद ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर जाकर मोबाइलों एंव अन्य सामान के ऑर्डर कर लोगों के खाते से ऑनलाइन पेमेंट करते है। आरोपितों से अन्य सहयोगियों व वारदात के बारे में पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी सतीश चन्द ने बताया कि 22 अक्टूबर 2020 को पीडित महिला हेमा हाडा ने मामला दर्ज करवाया था कि रेलवे की टिकट एप पर टिकट बुक करने के दौरान एप अपडेट करने के नाम पर 2 लाख 25 हजार 703 रुपये की ठगी की गई है। इस पर मामला दर्ज कर पर पुलिस के अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

# रेजीडेंट डॉक्टर्स ने किया कार्य बहिष्कार, मरीज हुए परेशान

**■ एसएमएस मेडिकल कॉलेज से लेकर त्रिमूर्ति सर्किल तक डॉक्टरों ने विरोध रैली भी निकाली**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज और उससे जुड़े अस्पतालों में गुरूवार को रेजीडेंट्स डॉक्टर्स ने ओपीडी का बहिष्कार किया। इस बीच रेजीडेंट्स ने मेडिकल कॉलेज से त्रिमूर्ति सर्किल तक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को नहीं सुना तो वे ओपीडी के अलावा इमरजेंसी, आईसीयू और लेबर रूम का भी कार्य बहिष्कार कर देंगे। इधर रेजीडेंट्स के काम पर नहीं आने से एसएमएस अस्पताल में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।

नई बॉन्ड नीति में संशोधन करने सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध कर रहे रेजीडेंट्स डॉक्टर्स जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) ने गुरूवार को सम्पूर्ण रूप से ओपीडी का बहिष्कार कर दिया। इस कारण धन्वंतरि ओपीडी ब्लॉक में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि इस बीच सेवारत चिकित्सकों ने ओपीडी की कमान संभाले रखी। ओपीडी में आने वाले मरीजों को जांच पर्ची बनवाने में सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए रेजीडेंट्स डॉक्टर्स ने मेडिकल कॉलेज से त्रिमूर्ति सर्किल होते हुए एसएमएस हॉस्पिटल तक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जार्ड के अध्यक्ष डॉ. नीजर दामोर ने बताया कि हम पिछले लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन सरकार हमारी कोई सुनवाई नहीं कर रही।

इस कारण आज हमें मजबूर होकर ओपीडी का बहिष्कार करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि गंभीर और इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को कोई तकलीफ न हो इसके लिए हमने इमरजेंसी, लेबर रूम और आईसीयू सर्विस को कार्य बहिष्कार से दूर रखा है। यहां हमारी टीम लगातार सेवाएं दे रही है।

# सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट से खुशी

**जयपुर** (कासं)। पृथ्वीराज नगर में सीवरेज की लाइनों के कार्यों का शिलान्यास करने और सांझरिया में एसटीपी प्लांट का शिलान्यास करने पर पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कृषि मंत्री लालचंद कटारिया का आभार जताया है।

घनश्याम सिंह एडवोकेट ने बताया कि संघर्ष समिति ने जब आंदोलन किया था तो पृथ्वीराज नगर के लिए अन्य माँगों के साथ दो मुख्य मांगें बीसलपुर से पानी की सप्लाई और सीवरेज की थी। बीसलपुर के पानी का कार्य द्रुतगति से पृथ्वीराज नगर में चल ही रहा है और अब पृथ्वीराज नगर उत्तर में सीवरेज के कार्यों का शिलान्यास करके पृथ्वीराज नगर को राज्य सरकार ने बहुत बड़ी सौग़ात दी है। पृथ्वीराज नगर की मूलभूत मांगें पूरी हुई है, इससे पृथ्वीराज नगर के लोगों में खुशी का माहौल है।

## सार-समाचार

### करधनी में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**जयपुर** । परिवारों में शुभ संस्कारों की स्थापना, समाज में सत्प्रवृत्तियों के संवर्धन दुष्प्रवृत्तियों के उन्मूलन, मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से कालवाड रोड झोटवाड़ा, करधनी क्षेत्र के ई ब्लॉक पार्क में 28 से 30 अक्टूबर तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। महिला मंडल करधनी की ओर से आयोजित महायज्ञ की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। महिला मंडल की प्रभारी कुसुम सिंघल ने बताया कि महिलाओं की टोली गठित कर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। महायज्ञ करवाने के लिए शांति कुंज हरिद्वार से टोली आएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे निकलने वाली कलश यात्रा और ज्ञान गंगा सदग्रंथ शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायत्रा करधनी के सेंट्रल पार्क से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी। वहां शाम 4 से 5 बजे तक युग संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 29 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 6:30 से 7:30 तक सामूहिक जप और ध्यान होगा। सुबह 8:30 से 11: 30 बजे तक देव पूजन, गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव होगा। शाम को 6 से 8 बजे तक दीप यज्ञ होगा तथा सर्व सुलभ गायत्री साधना पर प्रवचन होंगे। तीसरे एवं अंतिम दिन 30 अक्टूबर को सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक सामूहिक योग और ध्यान के बाद सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी ने बताया कि इस मौके पर पुंसवन, नामकरण, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत, जन्म दिवस एवं दीक्षा सहित विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

### बच्चों को समझाए यातायात नियम



**जयपुर** । यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों की जागरूकता के लिए जागरूकता अभियान चलाया। डीसीपी प्रहलाद कृष्णियां ने बताया कि बुधवार को पुलिस निरीक्षक यातायात उत्तर नरेश कुमार के समन्वय से चारदीवारी के महाराजा गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल छोटी चौपड़ और राजकीय दरबार माध्यमिक विद्यालय बाबा हरिशचन्द्र मार्ग जयपुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्रीय गृहरक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेगस जयपुर में भी यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में यातायात शिक्षा टीम के प्रभारी अधिकारी पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार और उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, होमगार्ड, जवानं और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों, गुड सेमेरिटन, गोल्डन ऑवर्स की जानकारी दी गई और पोस्टर पम्पलेट का वितरण किया। छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, होमगार्ड जवानों को यातायात नियमों की पालना के लिए शपथ दिलाई गई।

### पांच आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर** । जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 5 आश्रितोंको अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रषिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुये 2 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय के पद पर एवं 3 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। निगम द्वारा गुरुवार 6 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है। परीवीक्षाकाल अवधि के दौरान इनको नियत मासिक पारिश्रमिक देय होगा तथा परिवीक्षाकालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने पर इन्हे निर्धारित वेतनमान अनुज्ञाप्त किया जाएगा।

### झालाना जंगल में नया लैपर्ड दिखा

**जयपुर** । राजधानी स्थित झालाना वन्य क्षेत्र में गुरुवार सुबह टूरिज्म जोन में रक्षा संस्था के मेंबर द्वारा एक नए लेपर्ड को कैमरे में कैप्चर किया गया। झालाना वन्य क्षेत्र में 15 वर्षो से वन्यजीव संरक्षण से जुडे रक्षा संस्था के रोहित गंगवाल ने बताया कि झालाना वन्य क्षेत्र में टूरिज्म जोन में सुबह सफारी के समय इस लेपर्ड को देखा गया। नए लेपर्ड को देखकर पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। झालाना आने वाले विजिटर्स ने मिलकर लेपर्ड का नाम कुंभा रखने का निर्णय लिया है। यहां एक वन्यजीव प्रेमी धीरज कपूर ने बताया कि यह संभावित एल.के. फीमेल का पांच किलो का नर शावक है। यह पहली बार झालाना वन्य क्षेत्र के टूरिज्म जोन में देखा गया है।

### क्रेता-विक्रेता बैठक 7 अक्टूबर को

**जयपुर** । राजस्थान की महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और उनका प्रमोशन करने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से 7 अक्टूबर को होटल हॉलिडे इन, जयपुर में "क्रेता-विक्रेता" बैठक का आयोजन किया जाएगा। इन कारीगरों के उत्पाद राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करेंगे। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की प्रमुख शासन सचिव अपर्णा अरोरा, शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं राज्य निदेशक राजीविका मिशन, मंजू राजपाल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर, राजीविका मिशन डॉ.हरदीप सिंह चौपडा भी उपस्थित रहेंगे। प्रातः 9 बजे से शाम 5 तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय बैठक में राजस्थान एवं अन्य राज्यों के खरीददार भाग लेंगे।

# 8 साल के बच्चे को पालतू डॉग ने काटा

## सुभाष चौक इलाके की घटना, स्थानीय लोगों में रोष छाया

**■ बच्चे के पिता ने डॉग मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया**

**जयपुर** । सुभाष चौक इलाके में एक पालतू डॉग ने 8 साल के बच्चे पर हमला कर दिया। घटना मंगलवार दोपहर 3 बजे की है। 8 वर्षीय मनन शर्मा सुभाष चौक इलाके में रहता हैं। वह अपने दोस्तों के साथ पास वाले घर में खाना खाने गया था। इसी दौरान मकान में बंधे डॉग ने मनन पर हमला कर दिया। मनन ने पहले खुद को बचाने का पूरा प्रयास किया लेकिन डॉग इतना आक्रामक हो गया कि उसने मनन के हाथ पर काट दिया। मनन को रोता देख वहां मौजूद एक लड़की ने उसे बचाया। मनन के हाथ से खून निकलने पर सभी लोग घबरा गए और मनन को लेकर उसकी मां के पास पहुंचे। जिसके बाद परिवार के लोग उसे गणगौरी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे रेबीज का टीका लगाया। सुभाष चौक थाना पुलिस ने बताया कि घायल मनन के पिता अभिषेक शर्मा ने बच्चे के साथ हुई घटना को लेकर शिकायत दी हैं। उनके पड़ौसी ने कई सालों से एक डॉग पाला हुआ हैं। जो आए दिन किसी ना किसी को काट लेता है। हाल ही में थाने के एक हैड कांस्टेबल को भी इसी डॉग ने बाइक कर लिया था।यही नहीं यह डॉग मकान में रहने वाले एक व्यक्ति को भी काट चुका हैं। जिसके बाद निगम ने इस डॉग को यहां से रेस्क्यू किया। लेकिन डॉग ऑनर चालान पे कर के फिर से इसे ले लाए। यह डॉग कॉलोनी में रहने वाले लोकेश सिंह हैं। घटना के बाद से कॉलोनी के लोग परेशान है।

# नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर अलवर की युवती से जयपुर में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 15 दिन पहले मोबाइल कॉल पर बातचीत से आरोपी युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। सांगानेर थाने में बुधवार रात पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि रेणी अलवर निवासी 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता का कहना है कि करीब 15 दिन पहले उसके मोबाइल नंबर पर एक लड़के का कॉल आया। मोबाइल कॉल पर दोनों की बातचीत हुई। अच्छा लगने पर मोबाइल कॉल पर लगातार दोनों की बात होने लगी। बातचीत के दौरान आरोपी युवक ने उसे जयपुर मिलने बुलाया। 3 अक्टूबर को वह अलवर से जयपुर मिलने आई। जयपुर आने पर सांगानेर पुलिया के पास आरोपी उसे एक गेस्ट हाउस में ले गया। गेस्ट हाउस में उसे कोल्डड्रिंक पिलाई। नशा मिला होने के कारण वह अचेतावस्था में हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी पीड़िता ने सांगानेर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता को आरोपी का नाम तक नहीं पता है। शिकायत पर रेप का मामला दर्ज कर लिया गया है। पीडिता के बयान दर्ज कर मेडिकल करवाया जा रहा है।

# रोडवेज की पूर्व वित्तीय सलाहकार पर कार्रवाई के लिए अभिशंसा पत्र

## राजस्थान रोडवेज के सीएमडी संदीप वर्मा ने वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव को पत्र लिखा

**■ सीएमडी का आरोप है कि तत्कालीन वित्तीय सलाहकार वीना गुप्ता ने रोडवेज विभाग से अन्यत्र तबादला होने के बाद भी बैकडेट में तीन यूओ नोट लिखकर राज्य सरकार से मिलने वाली ग्रांट राशि को रूकवाने का प्रयास किया।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान रोडवेज की पूर्व वित्तीय सलाहकार वीना गुप्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए सीएमडी संदीप वर्मा ने वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव को अभिशंषा पत्र लिखा है। आरोप है कि वीना गुप्ता ने रोडवेज विभाग से तबादला होने के बाद भी बैकडेट में तीन यूओ नोट लिखकर रोडवेज विभाग को राज्य सरकार से मिलने वाली ग्रांट राशि (वित्तीय सहायता) को रूकवाने का प्रयास किया। जो कि रोडवेज निगम को वित्तीय हानि पहुंचाने का निजी प्रयास है।

रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा ने गत 6 अक्टूबर को वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव को यह पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि रोडवेज विभाग में कार्यरत वित्तीय सलाहकार वीना गुप्ता को गत 27 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक "पॉश ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन कॉट्रेक्ट मैनेजमेंट" विषय पर प्रशिक्षण के लिए कार्यमुक्त किया था। राज्य सरकार ने 1 अक्टूबर को वीना गुप्ता तबादला राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम में वित्त निदेशक के पद पर कर दिया। इस तबादला आदेश के करीब 3 घंटे बाद वीना गुप्ता ने 30 सितंबर की बैकडेट में अवैध रूप से तीन यूओ नोट व पत्र लिखे। जबकि इस संबंध में रोडवेज सीएमडी से कोई चर्चा तक नहीं की गई। संदीप वर्मा ने बताया कि वीना गुप्ता ने एक पत्र में यहां तक लिखा कि "वित्त विभाग द्वारा रोडवेज निगम में प्रभावी माने जाने वाले वित्त नियमों के क्रम मार्गदर्शन जारी करावें और इसके बाद ही किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता (ग्रांट राशि) राजकोष से जारी की जाए।" यह नोटिंग वीना गुप्ता द्वारा रोडवेज निगम को वित्तीय हानि पहुंचाने जैसी है। जबकि करीब 3 साल तक वे रोडवेज विभाग में कार्यरत रही, इसके बावजूद भी उन्हें निगम में लागू होने वाले वित्तीय नियमों व नियमावली की जानकारी का संपूर्ण अभाव, वित्त विभाग द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन में उनकी समर्थता व अक्षमता को दर्शाता है। जबकि वित्तीय सलाहकार के अधीनस्थ कार्मिकों को तो जानकारी है कि "जीफ एंड एआर" लागू नहीं होते।

# बच्चों में आंत और लिवर रोगों पर चर्चा करेंगे देश-विदेश के डॉक्टर्स

**जयपुर ( कासं )**। इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हेपेटोलॉजी एंड न्यूट्रिशन का 9वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी चैप्टर का 32वां वार्षिक सम्मेलन जयपुर में पहली बार 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन अध्यक्ष और अधीक्षक जेके लोन अस्पताल, डॉ.आर के गुप्ता ने बताया कि बच्चों में आंत और लिवर संबंधी मुद्दों में वृद्धि के कारण इस वर्ष सम्मेलन का विषय बहुत बुद्धिमानी से चुना गया है आंत एंड लिवर इमर्जिंग ट्रेंड्स। उन्होंने आगे कहा कि सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। कब्ज, उल्टी, लिवर फेलियर, लिवर ट्रांसप्लांट, दस्त और विल्सन रोग जैसे विभिन्न सामान्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। हाल के रुझान जैसे जेनेटिक्स, बॉवेल ट्रांस्पलेंटे पर भी विचार-विमर्श में शामिल किया गया है। परिप्रेक्ष्य विषय के साथ, बाल चिकित्सा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हेपेटोलॉजी और पोषण में स्थायी समाधान विकसित करने के लिए गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्षेत्र में अठाणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आवाजें तीन दिनों तक विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करेंगी। आयोजन सचिव डॉ.ललित भराडिया ने आगे बताया कि तीन दिवसीय शैक्षिणक उत्सव के पहले दिन, 5 प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप आयोजित की जा रही हैं, जिसमें से 3 वर्कशॉप सूर्या हॉस्पिटल, एसडीएमएच और एसआर कल्ला हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक एंडोस्कोपी के बारे में होंगी। इनके अलावा जेके लोन अस्पताल में रेडियोलॉजी और बाल चिकित्सा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी में प्रयोगशाला व्याख्या के बारे में उनकी 2 और कार्यशालाएं होंगी। रेडियोलॉजी कार्यशाला की संयोजक डॉ.प्रीति विजय ने बताया कि एक कार्यशाला पोषण पर होगी जो बच्चों और विशेष रूप से उन बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो विभिन्न जीआई और लिवर संबंधी विकारों से पीड़ित हैं। सह-आयोजन सचिव डॉ.नटवर परवल ने उल्लेख किया कि बाल रोग विशेषज्ञों और बाल रोग गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के ज्ञान को समृद्ध करने के लिए अपने नैदानिक अनुभव और शोध को साझा करने के लिए 5 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और 50 से अधिक राष्ट्रीय वक्ता इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

# हैड कांस्टेबल नरेन्द्र ने ब्लड प्लेट रेट्स डोनेट कर डेंगू मरीज की जान बचाई

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस के जवान नरेन्द्र निठारवाल ने बुधवार रात को डेंगू पीड़ित एक गंभीर मरीज ब्लड प्लेट रेट डोनेट कर उसकी जान बचाई है।



जानकारी के अनुसार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के हरमाड़ा थाने में तैनात हैड कांस्टेबल नरेंद्र निठारवाल को सोशल मीडिया के जरिए सूचना मिली कि एक डेंगू के गंभीर मरीज को तुरंत ए पॉजिटिव ब्लड प्लेट रेट की बहुत जरूरत है। इस उन्होंने सोशल मीडिया पर दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। खुद को ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव होने पर तुरंत देर रात ब्लड प्लेट रेट डोनेट करने अस्पताल पहुंच गए। नरेन्द्र के ब्लड प्लेट रेट्स डोनेट करने पर मरीज के परिजनों उनका आभार जताया। नरेंद्र ने आमजन से अपील की है कि सभी लोगों को ब्लड डोनेट करना चाहिए। इससे कई लोगों की समय रहते जान बचाई जा सकती है।



## World Smile Day

Sometimes all it takes to make the day better is a smile, whether it's one someone gives to you, or one you share with another. Little acts of kindness can bring a shining smile to someone who has otherwise had a terrible day, and it can change everything that follows. Whether it's just a simple compliment, a cheery hello, or a gift of something small to help brighten their day, World Smile Day encourages you to take action to bring a few more smiles into the world.

#MENTAL-HEALTH

# Why Do Some People Cry So Easily?

Crying can be very therapeutic. Some people say after a good cry they're able to better deal with an issue and then move forward.



Some people stay stoic in every situation, while for others, a commercial for diapers or dog food can turn on the waterworks. If you're part of the latter group, you might sometimes find yourself wondering: Why do I cry so easily?

There's generally not a right or wrong amount to cry. And in fact, shedding some tears can be a good thing: When you cry, your body releases feel-good hormones that actually help you feel better.

Crying can be very therapeutic. Some people say after a good cry they're able to better deal with an issue and then move forward.

In other words? There's usually nothing wrongwith being a big crier.

What's more, a number of different factors can affect the frequency with which you start sobbing. Here are some of the most common ones, plus how to turn off the tears when you really need to.

### Personality

Certain personality types seem more prone to easy weeping than others.

Perhaps unsurprisingly, people who are highly empathetic (aka highly sensitive people) tend to cry more often. Those with a tendency toward neuroticism - who are often anxious or full of self-doubt - also are more likely to be bigger weepers.

### Past and Present Experiences

Your childhood environment can have a big influence on how often you cry. Growing up in a household where crying or talking about your feelings was off-limits, for example, might actually make you more prone to easy tears as an adult.

Your emotions might come through as tears more often because you may not have the vocabulary to express sadness or frustration.

Frequent or unexpected crying can also happen if you feel like you're carrying a lot of emotional baggage from past situations. If you have a history of medical gaslighting from multiple health care providers, for instance, you might find yourself crying after meeting with a doctor who seems to take your concerns seriously.

### Cultural Background

Certain cultures encourage more freedom of expression than others.

Some research shows that people in wealthier countries tend to cry more often because their culture is OK with it. On the other hand, those living in poorer countries stay more buttoned up because showing emotions is more likely to be discouraged.

Gender

Women cry up to two to four times more often than men.

It's more socially acceptable to for women to cry, so they don't feel like they need to mask their emotions as much.

Some experts theorize women may also cry more often because they're more likely to experience interpersonal trauma or feelings of depression.

Hormones play a role too. The male hormone testosterone seems to inhibit crying, while higher levels of the hormone prolactin, found in women, tends to turn on the waterworks.

Then there are the significant hormone shifts that come with things like PMS or pregnancy.

### Stress Level


Some people snap into a rage at the slightest problem when they're unusually stressed or exhausted. Others will start crying over things that wouldn't normally be a big deal, like accidentally dropping a glass or plate or realizing that you forgot to buy coffee filters.


What happens is, your baseline gets altered. If you have stress, when anything happens, even if it's minor, it can trigger your emotions to come stronger, faster and harder.

### How to Stop Crying When You Need To


Crying can be a healthy response to a wide range of situations. But it can be helpful to know how to stanch the tears when you'd rather not be seen sobbing (like at work, for example, or when you're angry and in the middle of an argument with your partner).

- When you feel yourself starting to choke up, focus on what's happening around you instead of what's going on inside your head. Look around and think of five things you can hear, four things you can see, three things you can touch, two things you can smell and one thing you can taste.
- If you're giving an emotional speech or speaking at a funeral service, prepping beforehand can also help. Practice what you're going to say out loud in front of a mirror so you're mentally prepared to talk about the subject. Take slow, deep breaths when it's time to talk.





Sobers was not only a unique player but also born differently. With 12 digits. One extra finger fell off before he was 10 jerked out with a piece of catgut with a sharp tug. But he started playing serious cricket with 11 fingers. The remaining additional finger was also severed with the help of a sharp knife at age 14. Ouch! That hurt! But these minor details and happenings didn't detain Sobers in his movement towards achieving stardom.



Sobers was the first batter to hit consecutive sixes in one over.

#CRICKET-CHAT




Subhash Mathur
*Retd. IRS officer and a free lance writer*


# Sir Gary Sobers

## The Man for All Seasons! (...2)

My quest to know more about Sobers was hamp badly till the internet and Google revolutionized the method by making information available at our finger tips.

It was in this quest for acquiring new knowledge that I stumbled upon stories about my school and college time hero Gary Sobers.

Sobers was a larger than life image in my mind and to get to meet him from his child hood was a welcome addition to expansion of my knowledge tree.

Sobers was not only a unique player but also born differently. With 12 digits. One extra finger fell off before he was 10 jerked out with a piece of catgut with a sharp tug.

But he started playing serious cricket with 11 fingers.

The remaining additional finger was also severed with the help of a sharp knife at age 14.

Ouch! That hurt!

But these minor details and happenings didn't detain Sobers in his movement towards achieving stardom.

### Discovery of Sobers

He was on his way by age 17 making his debut against England in March 54. Although Sobers was an all-rounder he was selected as a bowler in place of slow left arm spinner Alf Valentine who partnered spin wizard Sonny Ramadhin in the famous 1950 'Victory Calypso' tour during which the duo spun England out to win decisively.

Discovery of Sobers as cricketer happened while playing street cricket. In that era street cricket was a stepping stone to Success.

Recall how Gavaskar honed his skills playing gully cricket where only 'back to the bowler' was permitted. No wonder Gavaskar became famous for his straight drives past the bowler.

A Police inspector who happened to be Captain of the Barbados Police team spotted Sobers playing on the streets and drafted him initially into the Police Band and shortly thereafter into the Police cricket team.

There was no holding Sobers back thereafter. He was on his way for an extraordinary career in cricket on the world stage.

At age 16 Sobers was to play a tour game against the touring Indians in 52 -53.

Sobers the 12th man moved into the playing XI once a team regular dropped out.



1950 'Victory Calypso' tour.

Thus at age 16 Sobers became a first class player as a bowler impressing everyone with his bowling performance against the touring Indian side.

That chance was all that Sobers needed to rise and shine.

### Larger Than Life

Progress was rapid and Sobers was in the WI team at age 17 in March, 54 against England at Sabina Park, Kingston, Jamaica.

By 1965 Sobers was captaining the WI once Frank Worrell retired.

Sobers tasted immediate success as West Indies defeated Australia by 179 runs in the first test and Sobers went onto win the series 2-1 . This was the first time that WI had beaten Australia in a Test series.

Ever.

Sobers and the team danced their hearts out to celebrate the Win.

The test series win against England in England in 1966 made Sobers into: The King of Cricket.

In the five tests Sobers scored 722 runs at an average of 103 with three centuries besides picking up 20 English wickets and taking 10 catches.

What more could anyone ask of Sobers? Well, Sobers was not done yet!!

Even The Don himself was moved to proclaim that "probably the greatest exhibition of batting he has ever seen in Australia "after watching Sobers score 254 in the Third Test between Australia and Rest of the World XI in 376 minutes hitting 33 fours and two sixes.

I could go on and on about Sobers and his 'conquests' but I must finish with two unique Sobers records.

That Sobers was the first batter to hit consecutive sixes in one over off Malcolm Nash while leading Nottinghamshire against Glamorgan in August 1968 is well known.



Spin Legend Sonny Ramadhin.



Yuvraj SIngh hitting six sixes.

First four hits went cleanly out of the grounds. Sobers was caught on the fifth attempt by Roger Davis but while taking the catch Davis feel and over the boundary rope.

The umpire Phillipson ruled that Davis had carried the ball over the rope and raised his hands signalling a six.

The sixth one sailed over the boundary and out of the grounds effortlessly.

And Sobers had created a record which could not be broken but only equalled.

The commentator Wilf Wooller drooled "and he has done it! And my goodness, it's gone - way down to Swansea".

Shastri and Yuvraj did just that but many a moon later.

*The second instance can be dubbed as SOBERS THE MAD HATTER:*

On March 19, 1968 Garry Sobers made an extremely curious declaration against England, a decision that cost West Indies a Test and a series at home.

Nobody in Port-of-Spain had the slightest idea about what the day had in store for them. West Indies were, after all, leading by 128 with all 10 wickets intact, and a draw was the only possibility on the cards. The pitch was flat, and none of the England bowlers had been able to create any sort of impact on the West Indies line-up that included the likes of Seymour Nurse, Basil Butcher, Rohan Kanhai and Clive Lloyd besides Sobers himself.

The series was poised at 0-0.

WI declared at 526/7 with centuries from Nurse and Kanhai.

England replied with a solid start from Edrich and Boycott. Captain Colin Cowdrey and Ken Barrington ably assisted by wicket keeper Alan Knott were on their way to a tall score.

But in his unorthodox style Sobers brought on pure batsman Basil Butcher to bowl his leg breaks.

And lo! And behold!! Butcher ran though the English side picking all the remaining five wickets including Cowdrey in a single spell.

These were the only 5 wickets that Butcher ever picked during his entire cricketing test career.

Sobers gamble had paid off! And how?

The fourth day of the test match ended with openers Steve Camacho and Joey Carew together at having scored just six runs. WI was only 128 ahead.

The fifth and final day moved ahead into a dull draw when Sobers took a bizarre decision.

Suddenly Sobers without notice or consultations with anyone declared at 92/2.

Sobers alone took that decision.

England were tasked to chase 215 in 165 minutes. England had never scored forty runs an hour before. Sobers gambled on that.

But England had a very strong line up in Barrington, Cowdrey, Boycott, Tom Graveny and Alan Knott. And West Indies were without the services of Hall or Griffith.

It was for England to decide. Push for a Win or play out for a dull draw.

After much discussion England decided to attack and go for a win with Boycott and Barrington leading the argument for a charge.

After a few shocks England steadied the ship so to say and went on to win the match comfortably.

Sobers lost face not only on the field but also with his fans. They demanded that Sobers should resign from Captaincy.

Of course Sobers never did- resign.

### Agile and Capable

For Sobers it was a gamble. Why not be creative and try for a win rather than play out a dull draw.

I adore Sobers for just that.

But what was so special about Sobers? The answer is simple and complex at the same time.

How so? Sobers batted left handed and bowled left handed too. Nothing new here.

His versatility enabled Sobers to bowl all varieties of left arm bowling. Like he could spin both ways.

That's not something great. He mixed it all with googlies as well. Left arm googlies are better known as Chinaman.

He bowled fast medium when the situation needed.

### Man for All Seasons!

Besides he was an agile and capable fielder always stationed close to the batsman.

He could bat at any position. He loved to bat around the lower order skilfully, protecting them and doing bulk of the scoring.

I could go on but I think it's crystal clear that Sobers could do much more than what ordinary players ever hope to achieve

Finally I close my sing song for Sobers with the accolade heaped upon Sobers by another favourite of mine:

Richie Benaud: Sobers as "the greatest all-round cricketer the world has seen".

Benaud went on, "Sobers was a brilliant batsman, splendid fielder, particularly close to the wicket, and a bowler of extraordinary skill, whether bowling with the new ball, providing orthodox left-arm spin or over-the-wrist spin".

Hopefully I have done justice to Sir Gary who was anointed as.

The World's Greatest All Rounder of All Times by Wisden in 2000.

***Concluded.***


writetoarbit@rashtradoot.com




Colin Cowdrey.



Geoffrey Boycott.



Sunil Gavaskar.



Walter Hammond.

> Discovery of Sobers as cricketer happened while playing street cricket. In that era street cricket was a stepping stone to Success. Recall how Gavaskar honed his skills playing gully cricket where only 'back to the bowler' was permitted. No wonder Gavaskar became famous for his straight drives past the bowler.



The two captains, Bob SImpson & Garry Sobers, walk out for the toss, West Indies vs Australia, 1965.

#OCEANOGRAPHY



In the area where masses of glacial ice melt, ocean levels fall. Yet thousands of miles away, they actually rise.

# Elusive Sea Level Fingerprints

When ice sheets melt, something strange and highly counter-intuitive happens to sea levels.

It works basically like a seesaw. In the area close to where theses masses of glacial ice melt, ocean levels fall. Yet thousands of miles away, they actually rise. It largely happens because of the loss of a gravitational pull toward the ice sheet, causing the water to disperse away. The patterns have come to be known as sea level fingerprints since each melting glacier or ice sheet uniquely impacts sea level.

Elements of the concept - which lies at the heart of the understanding that global sea levels don't rise uniformly – have been around for over a century and modern sea level science has been built around it. But there's long been a hitch to the widely accepted theory. A sea level fingerprint has never definitively been detected by researchers.

A team of scientists - led by Harvard alumna Sophie Coulson and featuring Harvard geophysicist Jerry X. Mitrovica - believe they have detected the first. The work validates almost a century of sea level science and helps solidify confidence in models predicting future sea level rise.


"Ocean level projections, urban and coastal planning - all of it - has been built on the idea of fingerprints," said Mitrovica, the Frank B. Baird Jr. Professor of Science in the Department of Earth and Planetary Sciences. "That's why fingerprints are so important. They allow you to estimate what the geometry of the sea level changes is going to be like... so we now have much more confidence in how sea level changes are going to evolve.... If fingerprint physics wasn't correct, then we'd have to rethink all modern sea level research."

Sea level fingerprints have been notoriously difficult to detect because of the major fluctuations in ocean levels brought on by changing tides, currents, and winds. What makes it such a conundrum is that researchers are trying to detect millimetre level motions of the water and link them to melting glaciers thousands of miles away.

Mitrovica compared the search to the one for the subatomic particle the Higgs Boson.

"Almost all physicists thought that the Higgs existed, but it was nevertheless a transformative accomplishment when it was firmly detected," Mitrovica said. "In sea level physics, almost everyone assumed that the fingerprints existed, but they had never been detected at a comparable level of confidence."

The new study uses newly released satellite data from a European marine monitoring agency that captures over 30 years of observations in the vicinity of the Greenland Ice Sheet and much of the ocean close to the middle of Greenland to capture the seesaw in ocean levels from the fingerprint.



The satellite data caught the eye of Mitrovica and colleague David Sandwell of the Scripps Institute of Oceanography. Typically, satellite records from this region had only extended up to the southern tip of Greenland, but in this new release the data reached ten degrees higher in latitude, allowing them to eyeball a potential hint of the seesaw caused by the fingerprint.

Mitrovica quickly turned to Coulson, a former Ph.D. student in Mitrovica's lab and now post-doctoral fellow at Los Alamos National Laboratory, to verify if this was truly the fingerprint signal sea level scientists had been chasing for decades.

Coulson, an expert in modelling sea level change and crustal deformation associated with melting of ice sheets and glaciers, was visiting family in the U.K. when the datasets hit her inbox. She immediately recognized the potential, she said.

Coulson quickly collected three decades worth of the best observations she could find on ice height change within the Greenland Ice Sheet as well as reconstructions of glacier height change across the Canadian Arctic and Iceland. She combined these different datasets to create predictions of sea level change in the region from 1993 to 2019, which she then compared with the new satellite data. The fit was perfect. A one-to-one match that showed with more than 99.9% confidence that the pattern of sea level change revealed by the satellites is a fingerprint of the melting ice sheet.

Scientific research usually takes years to develop the results and then get drafted into a paper, but here the researchers were able to act quickly. In total, the process took only a few months from when they saw the satellite data to when they submitted the piece.


That's because the bulk of the legwork was already done. Much of the theory, technology, and methods had all been well developed already and advanced since Mitrovica and his team presented their work on sea level fingerprints about 20 years ago - computations which were widely accepted and have been factored into almost all models predicting sea level rise.

Now that the first sea level fingerprint has been detected, the question with the biggest global implications is now where does this all leads to.

"More detections will come," Mitrovica said. "Soon the full power of fingerprint physics will be available to project sea level changes into the next decade, century, and beyond."




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध संबंधों में बाधक बन रहे पति को पानी में जहर पिलाया

## गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल रैफर किया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। अवैध संबंधों में बाधक बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने पानी में जहर मिलाकर पिला दिया। इससे युवक की हालत बिगड़ गई और वह दूसरे घर में रह रही अपनी मां के पास पहुंचते ही बेहोश हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। मामला हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा का है।

एसआई हरबंस सिंह ने बताया कि कमलेश (45) पत्नी अशोक कुमार वाल्मीकि निवासी वार्ड 5, पीलीबंगा ने अपने बेटे मुकेश कुमार के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पुत्र नरसी का विवाह करीब 13 साल पूर्व मीना के साथ हुआ था। उनके दो संतान हैं। पिछले कुछ वर्षों से उसकी पुत्रवधू मीना का काकू पुत्र छोटूलाल वाल्मीकि निवासी पीलीबंगा के साथ अवैध प्रेम संबंध है। इसके चलते मीना आए दिन उसके पुत्र नरसी के साथ झगड़ा और मारपीट करती है। मीना के इसी झगड़ालू व्यवहार के कारण उसने अपने पुश्तैनी मकान में उसे हिस्सा दे दिया। वह खुद और उसका पूरा परिवार अन्य जगह किराए के मकान में रहने लगे।

मीना ने पूर्व में कई दफा उसके व उसके पुत्रों के खिलाफ अपने पीहर बीकानेर और पीलीबंगा थाना में कई झूठे प्रार्थना पत्र भी दिए। उनमें पुलिस ने उसकी पुत्र वधू मीना को झूठा साबित कर दिया था। उसके पुत्र नरसी को मीना का भाई राकेश पुत्र जगदीश और पिता जगदीश आए दिन फोन पर धमकी देते रहते हैं कि वे उसे जान से मार देंगे और मीना का विवाह काकू के साथ कर देंगे। जब उसका पुत्र नरसी काम पर गया हुआ होता तो काकू उसके पुत्र की गैरमौजूदगी में उसके घर आता था। कुछ दिन पूर्व जब उसके पुत्र नरसी को इस बात का पता चला कि मीना के काकू के साथ नाजायज सम्बन्ध हैं तो नरसी ने विरोध किया। तब मीना और काकू ने मारपीट कर उसके पुत्र नरसी को घर से निकाल दिया।

उसका पुत्र उसके पास आ गया व उक्त बात बताई। तब उसने पंचायती तौर पर समझाया तो मीना ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए पुनः ऐसा काम करने व काकू के साथ सम्बन्ध नहीं रखने का आश्वासन दिया। परन्तु कुछ समय बाद ही मीना पुनः काकू के साथ सम्बन्ध रखने लग गई। 4 अक्टूबर को उसका पुत्र नरसी अपने काम पर गया हुआ था। रात करीब 8-9 बजे नरसी वापस घर आया और अपनी पत्नी मीना को पानी पिलाने को कहा तो मीना ने पानी का गिलास उसके पुत्र को पकड़ा दिया।

पानी का सेवन करने के कुछ ही समय बाद उसके पुत्र की तबीयत खराब हो गई। उसे उसे उल्टी व चक्कर आने लगे। तब उसका पुत्र उसके घर पर भाग कर आया और कहने लगा कि उसकी पत्नी ने पता नहीं पानी में क्या मिला कर दे दिया है। इतना कह कर नरसी बेहोश हो गया और उसके मुंह से झाग निकलने लगे। वह अपने बेटे को सरकारी अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने बताया कि उसके पुत्र को जहर दिया गया है। वे इसे जल्द से जल्द हनुमानगढ़ ट्रॉमा सेंटर ले जाएं। तब वह अपने पुत्र को हनुमानगढ़ टाउन स्थित गवर्नमेंट जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले गई। वहां पर उसके पुत्र का इलाज चल रहा है। कमलेश के अनुसार उसे पूरा शक है कि मीना व काकू ने उसके पुत्र को पानी में जहर मिलाकर उसे जान से मारने की कोशिश की है। पुलिस ने क्षति पहुंचाने के आशय से जहर या नशीला पदार्थ देने के आरोप संबंधी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## लोगों ने रावण के अधजले पुतले को गिराया

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। शहर रावण दहन के दौरान हालात ऐसे बने की दशानन का पुलता न जलने के कारण दशहरा देखने आए लोगों ने जमकर हूटिंग की। यहां तक कि अधजला रावण के पुतले को गिराना पड़ा। जिसके बाद में कागज और पुट्ठे डालकर दहन किया गया। विजयदशमी के पर्व पर बुधवार रात्रि 8 बजे के करीब शहर के उदयपुर रोड धर्मशाला के पास नगर पालिका द्वारा आयोजित रावण दहन कार्य में को शहर के हजारों लोग जलते हुए दशानन को देखने पहुंचे, लेकिन उन्हें निराश ही होना पड़ा।

रावण दहन के दौरान अजीबो गरीब स्थिति बन गई, जब करीब आधे घंटे तक की मशक्कत के बाद भी रावण के पुतले में आग नहीं लग पाई। आखिर में पुतले को नीचे गिराना पड़ा रावण के पुतले का मुंह कुछ देर जलने के बाद आग बुझ गई। इसके बाद कई प्रयास किए लेकिन वे विफल रहे। रावण दहन कार्यक्रम में नगर पालिका की जमकर किरकिरी हुई। रावण नहीं जलने पर लोगों ने जमकर हूटिंग की और कहा कि ये रावण नहीं जलेगा। इस पुतले के निर्माण में जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार किया है। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद एक पालिका के कर्मचारी की मदद से कागज और पुट्ठे डालकर पुतले को आग लगाई।

# जमाबंदी में कुम्हार-प्रजापत शब्द हटाने के विरोध में किया प्रदर्शन

## रैली के साथ कलेक्ट्रेट, पहुंचे समाजजनों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद,** (निसं)। अखिल भारतीय प्रजापत-कुम्हार समाज ने भू-राजस्व जमाबंदी में कुम्हार व प्रजापत जातिसूचक शब्द हटाकर उसकी जगह कुमावत दर्ज करने के राज्य सरकार के नए आदेश के खिलाफ गुरुवार को जिला मुख्यालय पर रैली निकाली एवं विरोध प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा तथा तत्काल नया आदेश रद्द करने की मांग की।

प्रदेशव्यापी आव्हान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलेभर से बडी तादाद में समाजजन राजनगर फव्वारा चौक में एकत्रित हुए। अध्यक्ष रामचन्द्र प्रजापत (राजनगर) एवं अन्य वरिष्ठजनों ने हाल ही में राज्य विधानसभा में पारित हुए उक्त आषय के अध्यादेष पर चर्चा करते हुए कहा कि जाति दर्षाने वाला शब्द बदलने से पूरे प्रदेश में कुम्हार-प्रजापत समाज में भारी रोष व्याप्त है। आरोप लगाया कि फूलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने मिलीभगत कर गुपचुप तरीके से यह अध्यादेश पारित करा दिया जो सरासर अनुचित

- **नया आदेश रद्द करने की मांग, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**
- **राज्य सरकार ने कुमावत शब्द दर्ज करने के दिए थे आदेश**


होकर प्रजापत-कुम्हार समाज के हितों पर कुठाराघात है। इसके बाद वहां ये सभी लोग बाइक रैली के रूप में रवाना हुए। रैली में शामिल समाजजन राज्य सरकार एवं फूलेरा विधायक कुमावत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला परिषद चौराहा पहुंची। वहां समाजजनों ने विधायक कुमावत का पुतला जलाया। यहां से सभी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां अध्यक्ष रामचन्द्र प्रजापत ने मुख्यमंत्री के नाम लिखित ज्ञापन का वाचन किया एवं साफ कहा कि समाज की मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी डॉ दिनेश राय सापेला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मोहनलाल देवगढ , सुरेश कोठेश्वर, बाबूलाल, नरोत्तम नाथद्वारा, उदयलाल केसूली, मोहन रेलमगरा, देवीलाल जीतावास, देवीलाल प्रजापत देवपुरा, गोटूलाल राजनगर, नानेष प्रजापति, रूपलाल बोरज, लक्ष्मण केलवा, चुन्नीलाल राजनगर, गोविन्द सिंहाड, चम्पालाल पुनावली सहित समाजजन मौजूद थे। अध्यक्ष रामचन्द्र प्रजापत ने बताया कि सांसद दीया कुमारी एवं विधायक दीप्ति माहेश्वरी को भी ज्ञापन भेजे गए है। साथ ही सांसद व विधायक से दूरभाष पर वार्ता पूरे मामले से अवगत कराया गया है तथा आदेष रद्द कराने की मांग की। इस पर उन्होंने इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्रवाई कराने का विश्वास दिलाया।

# पैलेस ऑन व्हील का ट्रायल टूर 8 को, अजमेर में होगा स्वागत

**अजमेर,** (कास)। विश्व की शाही रेल गाड़ियों में शुमार पैलेस ऑन व्हील 8 अक्टूबर शनिवार को ट्रायल टूर से शुभारंभ किया जाएगा। आरटीडीसी के सचिव मनीष फौजदार ने बताया कि आरटीडीसी द्वारा संचालित पैलेस ऑन व्हील्स का ट्रायल टूर का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे।

पैलेस ऑन व्हील 8 अक्टूबर को सायं 6 बजे रेलवे स्टेशन अजमेर पहुंचेगी रेलवे स्टेशन अजमेर पर राजस्थान पर्यटन निगम विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवी कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रेन का भव्य स्वागत किया जाएगा एवं गरिमा पूर्ण विदाई दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील 8 अक्टूबर को अजमेर से उदयपुर के लिए रवाना होगी उदयपुर से सवाई माधोपुर



पैलेस ऑन व्हील का आठ अक्टूबर ट्रायल टूर से शुभारंभ किया जाएगा।

पहुंचेगी। पैलेस ऑन व्हील का नियमित टूर 12 अक्टूबर को दिल्ली से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि पैलेस ऑन व्हील में पर्यटकों के लिए सुंदर सजावट और राजपूताना संस्कृति से सुसज्जित 14 डिब्बे है। जिसमें लगभग

- **पैलेस ऑन व्हील्स के ट्रायल टूर को सीएम ने जयपुर से हरी झंडी दिखाएंगे**

82 मेहमानों को भ्रमण कराया जा सकता है, उन्होंने बताया कि यूनेस्को की सूची में शामिल विश्व धरोहर स्थलों एवं अन्य स्मारकीय संरचनाओं का भ्रमण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पैलेस ऑन व्हील दिल्ली से प्रारंभ होकर जयपुर, अजमेर, जोधपुर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान उदयपुर, भरतपुर पक्षी अभयारण्य एवं आगरा जैसे स्थानों को कवर करते हुए एक शाही यात्रा 8 दिन एवं 7 रात का कार्यक्रम प्रदान करेगा।

## अजगर को रेस्क्यू कर वन में छोड़ा

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर से सटे कानपुर के पास खरबड़िया गांव में प्रकाश जोशी के खेत में एक अजगर होने की सूचना वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर के संभागीय अध्यक्ष चमन सिंह चौहान को प्राप्त हुई। सूचना पर लक्ष्मी लाल गमेती कोमल गमेती, सहवृत पार्षद गोपाल नागर व चमन सिंह मौके पर पहुंचे तो पाया कि खेत पर बने घर के बाहर मक्की के खेत में एक अजगर जाली में फंसा हुआ था।

करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड दिया। चौहान ने बताया कि अभी इन दिनों मक्की की फसल तैयार हो चुकी है ऐसे में अजगर अपने शिकार की तलाश में खेतों में पहुंचते हैं ऐसे में सावधानी की ज्यादा जरूरत है। पैर में जूते अवश्य रखें और हाथ में एक लकडी अवश्य रखें और सावधानीपूर्वक मक्की की फसल की कटाई करें।

# दो स्टेशनों पर होगा सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव

**कोटा,** (निसं)। अक्टूबर माह से यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय आमजनता की मांग पर रेल मंत्रालय द्वारा कोटा होकर जाने वाली गाड़ी संख्या 12471/12472 बांद्रा टर्मिनल-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बांद्रा टर्मिनल, गाड़ी संख्या 12475/12476 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-हापा, गाड़ी संख्या 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी- बिलासपुर और गाड़ी संख्या 20845/ 20846 बिलासपुर-बीकानेर- बिलासपुर के मध्य चलने वाली चार जोडी साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेनों का कोटा मंडल के विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर दोनों दिशाओ में तथा गाड़ी संख्या 12465 इंदौर से जोधपुर के मध्य प्रतिदिन चलने वाली रणथम्भौर सुपरफास्ट ट्रेन का एक दिशा में मंडल के महिदपुर रोड स्टेशन पर छह माह के लिए 02 मिनट का प्रायोगिक ठहराव दिया गया हैं।

गाड़ी संख्या 12465 इंदौर से जोधपुर रणथम्भौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के महिदपुर रोड़ स्टेशन पर सुबह 09.21 बजे आगमन होने पर गाड़ी संचालन करने वाले लोको पायलट के.एन. गुप्ता और सहायक लोको पायलट रितेश विश्वकर्मा तथा गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी से बिलासपुर एक्सप्रेस के विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर दोपहर 02.23 बजे आगमन होने पर गाड़ी संचालन करने वाले कोटा क्रू लोको पायलट हेमन्त शर्मा और सहायक लोको पायलट मनीष मालव का सांसद अनिल फिरोजिया ने जनप्रतिनिधियों और यात्रियों के साथ पगड़ी एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

# कांग्रेस सरकार रिपिट हुई तो राजस्थान विकास में इतिहास रचेगा: सीएम

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आपका आशीर्वाद मिला और प्रदेश में कांग्रेस सरकार रिपिट हुई तो राजस्थान विकास में इतिहास रचेगा। सीएम रायपुर में स्व.कैलाश त्रिवेदी की मूर्ति अनावरण व 220 केवी जीएसएस भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे । हम चाहते हैं कि सरकार रिपिट हो और विकास में राजस्थान अग्रणीय बने। उन्होंने कहा कि हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है, हम सभी से प्यार करते हैं । गहलोत ने रायपुर में स्व. कैलाश त्रिवेदी के नाम से स्टेडियम बनाने की घोषणा तो की ही साथ ही कहा है कि जो भी मांगें आज रखी गई है वह सभी पूरी की जाएंगी। उन्होंने स्टेडियम के लिए कहा कि उसकी डीपीआर बनाकर प्रस्ताव भिजवायें।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि शहरों में गरीबों के लिए राज्य सरकार ने शहीद होने वाली इंदिरा गांधी के नाम पर शहरी रोजगार योजना शुरू की है । उन्होंने चिरंजीवी योजना की चर्चा करते हुए कहा कि यह लोगों के साथ-साथ परिवार के लिए सम्बल भी बन रही है।

गहलोत ने कहा कि चाहे डायलिसीस हो, सिटी स्केन या हार्ट जैसी बीमारियां हो सभी का निशुल्क इलाज चिरंजीवी योजना में हो रहा है और इनका ऑपरेशन किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में सरकार ने इस कार्यकाल में युवाओं को 3 लाख 55 हजार सरकारी नौकरियां दी है। अगर सरकार फिर रिपिट होती है तो और नौकरियां देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पांचवें बजट में और नौकरियों की घोषणा की जाएगी।

गहलोत ने कहा कि गुजरात की रोजगार देने के मामले सबसे बुरी हालत है। उन्होंने कहा कि गुजरात में नौकरियां नहीं बल्कि कान्टेट पर काम दिए जा रहे

- **रायपुर में स्व. त्रिवेदी की मूर्ति का अनावरण 220 केवी जीएसएस का भूमि पूजन हुआ**
- **गहलोत ने कहा कि आप मांगते-मांगते थक जायेंगे पर मैं देते-देते नहीं थकूंगा**

है। उन्होंने कहा कि अगला बजट युवाओं को समर्पित होगा। गहलोत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपए की कर्जमाफी का भुगतान किया है। गहलोत ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे कर्जामाफी के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। उसे यह कहते हुए शर्म नहीं आती कि राजस्थान में कर्ज माफ ही नहीं हुआ है। गहलोत ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह किसानों का नहीं उद्योगपतियों का करोड़ों का कर्ज माफ करती है। गहलोत ने महिलाओं के लिए निःशुल्क स्मार्ट मोबाईल तीन साल की फ्री इंटरनेट की सुविधा की घोषणा की।

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, जलदाय मंत्री महेश जोशी, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक गायत्री त्रिवेदी, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सालवी, रायपुर प्रधान शिवराज सिंह बाड़ी, गंगापुर नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा, अनिल डांगी, राजेंद्र त्रिवेदी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## रक्तवीर युवा टीम में युवती ने दी प्लेटलेट्स

**कोटा,** (निसं)। रक्तवीर युवा टीम निरंतर मरीजों की मदद के लिए रक्तदान शिविर एवं एसडीपी डोनेशन करवा रही है, रक्तवीर युवा टीम संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती 20 वर्षीय मरीज को इमरजेंसी में ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी ऐसे में रक्तवीर युवा टीम ग्रुप के माध्यम से तीन ए पोजिट्व डोनर्स से एसडीपी के लिए बात हुई पर तीनों ही डोनर एसडीपी डोनेट करने के लिए फिट नहीं हुए ऐसे में टीम के वरिष्ठ सदस्य नरेश दाधीच ने रक्तवीर युवा टीम युवतियों के व्हाट्सएप ग्रुप मैं जब ए पॉजिटिव एसडीपी के लिए डिमांड की तो सदस्य पूजा अग्रवाल ने ए पॉजिटिव एसडीपी डोनेट करने के लिए हां किया। 27 वर्षीय पूजा अग्रवाल इससे पूर्व भी चार बार रक्तदान कर चुकी है। पूजा ने तुरंत अग्रवाल ब्लड बैंक पहुंचकर ए पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की एवं मरीज की जान बचाने का पूरा प्रयास किया।

# पिंटू हत्याकांड का पुलिस ने 36 घंटे में किया खुलासा

**नसीराबाद,** (निसं)। पिंटू हत्याकांड का पुलिस ने 36 घंटे में खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत ग्राम देराठु में सोमवार देर रात्रि को हुई मारपीट में युवक की मौत हो गई थी।

जिस पर सदर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की निकटवर्ती ग्राम देराठु निवासी रामराज रावत ने मंगलवार को सदर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार देर रात्रि को उसके चाचा का लड़का पिंटू पुत्र राम सिंह रावत गांव में ही गरबा देख रहा था। जहां उसके मोबाइल पर फोन आया तो वह वहां से चला गया। जिसके बाद देर रात तक पिंटू के मोबाइल पर फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया तथा रात को 2:30 बजे पिंटू ने फोन कर सूचित किया कि वह गांव में गिरधारी रणवा की घर के बाहर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिस

- **तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**
- **नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने की कार्रवाई**

पर रामराज अपने अन्य साथी के साथ मौके पर पहुंचा तो पिंटू खुन से लतपथ घायल अवस्था में पडा हुआ था जिसे लेकर नसीराबाद हॉस्पिटल पहुंचे। जहां पर पिंटू ने बताया कि गांव के ही सुरेंद्र गिरधारी प्रधान व हनुमान जाट ने उसे कमरे में बंद कर मुंह में कपड़ा ठूंस कर मारपीट की है और उसे गंभीर रूप से घायल कर बाहर पटक दिया।

पिंटू का नसीराबाद में प्राथमिक उपचार कर उसे अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल पिंटू रावत को मृत घोषित कर शव चीरघर में रखवाया। वही सदर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर घटनास्थल पर एफएसएल टीम बुला कर सबूत एकत्रित किए। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी घनश्याम शर्मा व पुलिस उप अधीक्षक पूनम भरगढ़ के निर्देशन में नसीराबाद सदर थाना अधिकारी हेमराज सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने अपराधियों की तलाश मे संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर नामजद तीन आरोपियों गिरधारी पुत्र किशन जाति जाट उम्र 44 साल, प्रधान पुत्र किशनलाल जाट उम्र 28 वर्ष, सुरेंद्र पुत्र गिरधारी जाट उम्र 19 साल को बुधवार को देर रात्रि मे गिरफ्तार कर गुरुवार को अदालत में पेश किया जहां से पुलिस को 3 दिन का पुलिस रिमांड दिया गया।

# मर्डर कर भांजे का शव जलाने के 5वें आरोपी को पकड़ा

**हनुमानगढ़,** (निसं) गांव अमरपुरा थेहड़ी में भांजे का मर्डर कर शव को रात को श्मशान में जला देने के एक साल से अधिक पुराने मामले में टाउन पुलिस ने गुरुवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सितेन्द्र सिंह (52) पुत्र बलवंत सिंह कम्बोज निवासी टाउन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया।

जांच अधिकारी टाउन थाना की कार्यवाहक प्रभारी एसआई शालू बिश्नोई ने बताया कि ममेरी बहन को गायब करने के शक में प्राइवेट लैब में काम करने वाले हरविन्द्र सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन का उसी के मामा वगैरा ने मर्डर कर शव को जला दिया। इस मामले में मृतक के मामा काला सिंह और देवेंद्र सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी अमरपुरा थेहड़ी सहित चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया जा चुका है। सितेन्द्र सिंह की इस मामले में पांचवीं गिरफ्तारी है। अभी इस मामले में 10 जनों की गिरफ्तारी शेष है।

गौरतलब है कि गुरदयाल सिंह (64) पुत्र गुरचरण सिंह कम्बोज निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन ने 23 सितम्बर 2021 को मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसके दो लड़के मनिन्द्र सिंह, हरविन्द्र सिंह तथा एक लड़की किरणजीत कौर है। हरविन्द्र सिंह प्राइवेट लैब में टाउन में काम करता था। 22 सितम्बर 2021 को अपराह्न करीब 3 बजे उनके घर पर उसका साला काला सिंह पुत्र दर्शन सिंह कम्बोज निवासी अमरपुरा थेहड़ी एवं बलदेव सिंह तथा दो अन्य व्यक्ति दो बाइक लेकर आए। दोनों जने उसके लड़के हरविन्द्र सिंह तथा उसे अपने साथ बाइक पर बैठाकर अमरपुरा थेहड़ी में अपने घर ले गए। वहां पर पहले से 10-15 अन्य व्यक्ति मौजूद थे। उन्होंने उसे वापस घर जाने के लिए कहा तो वह वहां से चला गया। उसके घर आने से पहले ही रात करीब 8 बजे उसकी पत्नी सलविन्द्र सिंह तथा पुत्री किरणजीत कौर को उसका साला काला सिंह व उसके साथी अपने साथ अमरपुरा थेहड़ी लेकर चले गए। ये बात उसे उसके लड़के मनिन्द्रसिंह ने बताई।

23 सितम्बर 2021 को सुबह करीब 6 बजे कुलवन्त सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी अमरपुरा थेहड़ी तथा साहब सिंह निवासी संघर दोनों उसे व उसके लड़के मनिन्द्र सिंह को अपने साथ अमरपुरा थेहड़ी ले जाने के लिए आए तो उसने उनसे पूछा कि हरविन्द्र सिंह कहां पर है तो उन्होंने कहा कि हरविन्द्र सिंह उसके साले काला सिंह के घर पर है। इसके बाद वह व उसका लड़का मनिन्द्र सिंह दोनों कुलवन्त सिंह तथा साहब सिंह के साथ अमरपुरा थेहड़ी चले गए।वहां पर पूर्व से मौजूद उसकी लड़की किरणजीत कौर अपने भाई मनिन्द्र सिंह के गले लगकर रोने लगी व कहने लगी कि मामा और उसके 10-15 साथियों ने मिलकर उसके भाई हरविन्द्र सिंह को मारकर जला दिया है। उस समय काला सिंह के घर पर उसका साला देवेन्द्र सिंह, काला सिंह, देवेन्द्र सिंह की पत्नी मनदीप कौर, काला सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर मौजूद थे।

इसके बाद उसके भाई का लड़का प्रीतपाल सिंह, अमृतपाल सिंह, गगनदीप सिंह गाड़ी लेकर अमरपुरा थेहड़ी पहुंचे। तब वह अपने परिवार के लोगों के साथ गांव अमरपुरा थेहड़ी के श्मशान घाट गया तो वहां पर उसके लड़के हरविन्द्र सिंह की लाश पूरी तरह से जली हुई मिली। उसके साले देवेन्द्र सिंह, काला सिंह, देवेन्द्र सिंह की पत्नी मनदीप कौर, काला सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर, कुलवन्त सिंह, साहब सिंह आदि ने मिलकर शव को जला दिया था।

## डोडा तस्करी के आरोपी को जेल

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में वर्ष 2003 से एक डोडा तस्करी के मुकदमे में फरार चल रहे इनामी तस्कर को सदर थाना पुलिस ने गत 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

सदर थाना अधिकारी हेमराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मई 2003 की रात्रि को सदर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटा तिराहे के निकट एक ट्रक की तलाशी में 59 बोरों में 2341 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। जिस पर सदर थाना पुलिस ने ट्रक चालक जालेली डांगियावास जोधपुर निवासी सांवरलाल विश्नोई को मौके से गिरफ्तार कर लिया था वही खलासी साइड में बैठे लूणी जोधपुर निवासी आशु उर्फ अशोक विश्नोई मौके से भाग छूटा था। जिसके बाद से ही अशोक पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था जिसपर सदर थाना पुलिस ने 2004 में 2000 का इनाम भी घोषित किया था। अजमेर पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी घनश्याम शर्मा के निर्देशन में सदर थाना अधिकारी के द्वारा टीम गठित कर गत 3 अक्टूबर को आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर नसीराबाद सदर थाना लेकर आए आरोपी तस्कर को 4 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# भाजपा एससी मोर्चे के प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे

**ब्यावर,** (निसं)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे की तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ गुरूवार को हुआ। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन कैलाशचंद मेघवाल ने दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रथम सत्र में बाबा साहेब अंबेडकर को याद करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के भाइयों के बीच आकर गौरव की अनुभूति प्राप्त हो रही है।

अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा का एक मजबूत स्तम्भ है। समय की मांग है कि जनता में मोदी सरकार की योजनाएं लेकर जाएं । कांग्रेस सरकार के राज में प्रदेश में सबसे अधिक अनुसूचित वर्ग जंगलराज और लॉ एंड ऑर्डर का शिकार हुआ । मोर्चा संगठन को चुनावों को ध्यान में रखते हुए अपनी कार्ययोजना पर कार्य करना है। 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एससी वर्ग मोर्चा बनाकर पिछड़े, शोषित, वंचित समाज को एक मंच पर लाकर संगठित करने का एक दिव्य प्रयास किया है ।

तीसरे सत्र में राजकुमार फुलवरिया राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रभारी ने भारतीय संविधान विषय में अपना सम्बोधन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा राजस्थान प्रदेश से राजकुमार फुलवरिया, प्रदेशाध्यक्ष एससी मोर्चा कैलाशचन्द मेघवाल, सूरज जी, सांसद भागीरथ चौधरी, प्रदेश मंत्री वंदना




भाजपा एससी मोर्च के प्रशिक्षण में प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने शिरकत की।

नोगिया, सतीश चन्देल, पूर्व विधायक प्रेमचन्द बैरवा, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जेदिया, प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग, सोजत विधायक शोभा चौहान, ललित लकवाल सहित सभी गण उपस्थित रहे।

इसके साथ ही इससे कार्यक्रम से पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया को अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन नलिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भँवरलाल बुला, सांसद भागीरथ चौधरी के नेतृत्व में वाहन रैली के द्वारा शिविर स्थल पर लेकर आए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।



आईपीएल में खेलना भविष्य में दौरा करने वाली टीमों के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि टी20 टूर्नामेंट के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की कमजोरियों के बारे में आसानी से पता चल जाता है। - **रबाडा**

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज, भारतीय खिलाड़ियों को लेकर किया बड़ा दावा



# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **रमीज राजा**



**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमिज राजा ने टी-20 में स्ट्राइक रेट को लेकर बाबर आजम की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली के शतक के बाद एशिया कप से बाहर होने की बात भारत में भुला दी गई। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाकिस्तान भी ऐसा होगा? पाकिस्तान के कप्तान बाबर ने टी-20 रैंकिंग में लगातार अपना दबदबा कायम रखा है। वह वर्तमान में साथी खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान और फार्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बाद तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# भारतीय टीम एक–दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं : बांगर

कोलकाता, 6 अक्टूबर। भारत के पूर्व क्रिकेटर और बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले कहा है कि भारतीय टीम संपूर्ण है और एक–दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। भारत को टी20 विश्व कप 2022 में अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को करनी है और बांगर ने यह बात पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म और सलामी बल्लेबाज़ मोहम्मद रिज़वान के संदर्भ में कही। बांगर ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव कार्यक्रम में गुरुवार को कहा, 'भारतीय टीम ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे मैच खेले हैं। भारत एक अधिक पूर्ण टीम है, और वह एक या दो व्यक्तियों पर निर्भर नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पाकिस्तान बल्लेबाजी विभाग में स्पष्ट रूप से बाबर और रिज़वान पर निर्भर है, जबकि भारतीय टीम वास्तव में कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। हमारे पास चार या पांच मैच विजेता हैं और वे अपने शानदार फॉर्म में हैं, इसलिए बल्लेबाजी के नजरिए से भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है।' बांगर ने गेंदबाजी पर बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान के गेंदबाजों के पास



रफ्तार है, लेकिन भारतीय गेंदबाज स्विंग के हथियार का भरपूर प्रयोग जानते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप गेंदबाजी पक्ष को देखें तो उनके (पाकिस्तान के) पास गति है, लेकिन भारतीय टीम के पास यह कौशल है कि अगर दीपक चाहर जसप्रीत बुमराह की जगह फिट होते हैं, तो आप गेंद को स्विंग कराने की उनकी क्षमताओं को देख सकते हैं। अर्शदीप सिंह भी ठीक वैसे ही बाएं हाथ के गेंदबाज हैं जैसे गेंदबाज की हमें तलाश थी। वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग कर सकते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टीम में गति विभाग की कमी है, लेकिन वे उस कौशल से कमी पूरी कर लेते हैं जो उनके पास है। बांगर ने भारत की विश्व कप तैयारियों के बारे में कहा, 'भारतीय टीम के हौसले वाकई बुलंद हैं। मुझे पूरा यकीन है कि भारतीय टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है, उससे काफी सकारात्मकता हासिल की होगी। गेंदबाजों को कठिन सबक मिला है, लेकिन यह अच्छा है कि उनके पास इसके बारे में सोचने, अपनी योजनाओं को फिर से तैयार करने, आगे बढ़ने और ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिये पर्याप्त समय है।'

## अंडर–17 एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का विजय रथ जारी

अल–खोबार (सऊदी अरब), 6 अक्टूबर। भारत ने एएफसी अंडर–17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर में अपने विजय रथ को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को थंगलालसून गंगटे के दो गोलों की बदौलत कुवैत को 3–0 से मात दी। प्रिंस सऊद बिन जलावी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में गंगटे (16वां, 71वां मिनट) के अलावा कोरू सिंह (66वां मिनट) ने भी भारत के लिये एक गोल जमाया। गोलकीपर साहिल ने मुस्तैदी के साथ कुवैत के कई गोल रोककर सुनिश्चित किया कि विपक्षी टीम का स्कोर शून्य रहे। इस जीत के साथ भारत ने तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित कर लिये हैं। भारत ने इससे पहले अंडर–17 एशियाई कप क्वालीफायर में मालदीव को 5–0 से परास्त किया था। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को म्यांमार के खिलाफ होगा।

## फीफा वर्ल्ड कप कतार 2022 का डिजिटल प्रीमियर करेगा जियो सिनेमा

मुंबई, 6 अक्टूबर। जियो सिनेमा फीफा वर्ल्ड कप कतार 2022 का डिजिटल प्रीमियर करेगा। वायकॉम18 स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि फीफा वर्ल्ड कप कतार 2022 के सभी मैच जियो सिनेमा पर लाईव स्ट्रीम होंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच किया जाएगा और यह दर्शकों को जियो सिनेमा पर बिल्कुल मुफ्त में देखने को मिलेगी। वायकॉम18 स्पोर्ट्स के सीईओ, अनिल जयराज ने बताया, वायकॉम18 स्पोर्ट्स द्वारा विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर फीफा वर्ल्ड कप कतार 2022 की प्रस्तुति काफी दिलचस्प औ होगी और दर्शकों को जियो सिनेमा पर अनूठा अनुभव प्रदान करेगी।हम चाहते हैं कि इस ईवेंट की प्रतिष्ठा के अनुरूप दर्शकों को डिजिटल एवं लीनियर प्लेटफॉर्म्स (स्पोर्ट्स 18) पर विश्वस्तरीय प्रोडक्शन आसानी से उपलब्ध हो।

## झारखंड ने सुब्रतो कप अंडर–17 क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

नयी दिल्ली, 6 अक्टूबर। झारखंड के 102 ज़िला स्कूल ने पूल ए के निर्णायक मुकाबले में गुरुवार को 31 बंगाल बीएन (राष्ट्रीय कैडेट कोर) को 2–1 से हराकर 61वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर–17 के क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। अनिमेष ने तीसरे मिनट में गोल जमाकर बंगाल को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन झारखंड ने दूसरे हाफ में सुकलाल (59वां मिनट) और धरम (69वां मिनट) के गोलों की बदौलत मैच जीत लिया। ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में ममता मॉडर्न सीनियर स्कूल (दिल्ली) ने शाहीन स्कूल एंड कॉलेज (बंगलादेश) को 4–0 से मात देकर शीर्ष–8 में जगह बनाई। इसी बीच, त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल (त्रिपुरा), राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (चंडीगढ़), एमआईसी ईएमएचएसएस (केरल), सीटी हायर सेकेंडरी स्कूल (मणिपुर), राजकीय हॉलावंग हाई स्कूल (मिजोरम), पिलग्रिम हायर सेकेंडरी स्कूल (नागालैंड) और सेंट एंथोनी हायर सेकेंडरी स्कूल (मेघालय) ने भी क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। क्वार्टरफाइनल मुकाबले रविवार, नौ अक्टूबर को अंबेडकर स्टेडियम और सुब्रतो पार्क फुटबॉल ग्राउंड में खेले जाएंगे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरुआत

रायपुर, 6 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का शुभारंभ किया। बघेल ने गुरूवार को सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम में दीप प्रज्ज्वलन कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता और विशिष्ट पहचान यहां की ग्रामीण परंपराओं और रीति रीवाजों से है। इसमें पारंपरिक खेलों का विशेष महत्व है। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के इन खेलों को लोग भूलते जा रहे थे। खेलों को चिरस्थायी रखने, आने वाली पीढ़ी से इनको अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक खेलों की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ये खेल मनोरंजक होने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों से बच्चे, बुजुर्ग व युवा सभी व्यायाम आदि शारीरिक गतिविधियों से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों से राज्य के हर गांव, हर ब्लाक तथा हर जिले में स्थानीय खेलों का आयोजन होगा। इस मौके पर बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की जानकारी देने वाले ब्रोशर का भी विमोचन किया।

# रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 रन से हराया

## सैमसन व अय्यर की अर्द्धशतकीय पारी काम नहीं आई



लखनऊ, 6 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका ने संजू सैमसन (86 नाबाद) और श्रेयस अय्यर (50) के जुझारू अर्द्धशतकों के बावजूद भारत को वर्षाबाधित पहले एकदिवसीय मैच में गुरुवार को नौ रन से मात दी। दक्षिण अफ्रीका ने यहां इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 40 ओवर में 250 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में भारतीय टीम आठ विकेट के नुकसान पर 240 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका को मुश्किल विकेट पर चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने के लिये डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन ने 139 रन की शतकीय साझीदारी की। मिलर ने 63 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 75 रन बनाये, जबकि क्लासेन ने 65 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 74 रन की नाबाद पारी खेली। भारत को इस लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये सैमसन और अय्यर ने कड़ा संघर्ष किया। सैमसन ने 63 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 86 रन बनाये, जबकि अय्यर ने 37 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने भी संघर्ष करते हुए 31 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 33 रन बनाये लेकिन ऊपरी क्रम की असफलता के कारण भारत के लिये लक्ष्य तक पहुंचना असंभव साबित हुआ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद धीमी और खराब रही। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (04) और शुभमन गिल (03) जल्दी पवेलियन लौट गये और टीम पहले पांच ओवरों में केवल आठ रन बना सकी। इसके बाद रुतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन ने संयम के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 69 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी हुई, लेकिन रनगति बढ़ाने से पहले ही दोनों ही बल्लेबाज 16वें और 17वें ओवर में एक के बाद एक आउट हो गये। रुतुराज ने 42 गेंदों पर 19 रन बनाये जबकि ईशान ने 37 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली।


ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों के संघर्ष के कारण भारत ने पहले 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर केवल 76 रन बनाये। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे श्रेयस अय्यर ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए तबरेज़ शम्सी के 21वें ओवर में तीन चौके जड़े। अय्यर और सैमसन ने पांचवें विकेट के लिये 67 रन की साझेदारी करके भारत की उम्मीदों को जिन्दा रखा।

अय्यर ने 37 गेंदों पर आठ चौकों की बदौलत 50 रन बनाये, लेकिन रनगति बढ़ाने के प्रयास में आउट हो गये। भारत को जब 13 ओवर में 131 रन की आवश्यकता थी तब शार्दुल और सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका पर दबाव डालने के लिये 93 रन की साझेदारी की, हालांकि पांच चौकों के साथ 31 गेंदों पर 33 रन बनाने वाले शार्दुल का विकेट गिरते ही भारत की उम्मीदें धुंधली हो गयीं। जब भारत को आखिरी दो ओवर में 37 रन की आवश्यकता थी तब टीम ने पारी के 39वें ओवर में केवल सात रन जोड़कर आवेश खान का विकेट गंवाया।

आखिरी ओवर में संजू सैमसन के तीन चौकों और एक छक्के के बावजूद भारत 40 ओवर में 240 रन तक ही पहुंच सका और प्रोटियाज ने यह मैच नौ रन से जीत लिया। इससे पहले, खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से शुरू हुआ और ओवरों की संख्या घटाकर 40–40 कर दी गयी।

कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया। मोहम्मद सिराज ने आवेश खान के साथ गेंदबाजी आक्रमण की शुरूआत की और पिच में व्याप्त नमी का पूरा फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका के ओपनर जानेमन मलान और क्विंटन डी कॉक को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले दस ओवर में केवल 26 रन ही बनाये, हालांकि इस दौरान उनका कोई विकेट नहीं गिरा। भारत को पहली सफलता शार्दुल ठाकुर ने 13वें ओवर में दिलाई और मलान (22) मिड विकेट पर खड़े श्रेयस अय्यर को कैच देकर पवेलियन लौट गये। शार्दुल (35/2) ने मैच में अपना दूसरा विकेट लेते हुए दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा को आउट किया, जबकि कुलदीप यादव ने अपने पहले ही ओवर में नये बल्लेबाज एडेन मार्करम को शून्य पर वापस भेजा।

## टी-20 विश्व कप से बाहर हुए चोटग्रस्त प्रिटोरियस



लखनऊ, 6 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन प्रिटोरियस अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला और आगामी टी20 विश्व कप से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रिटोरियस को यह चोट भारत के खिलाफ इंदौर में खेले गये तीसरे टी20 के दौरान आई थी, और अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा।

लखनऊ में गुरुवार को शुरू हुई एकदिवसीय सीरीज के लिये उनके स्थान पर मार्क जैनसेन को टीम में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि जैनसेन दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम के अतिरिक्त खिलाड़ी हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिये 2016 में पदार्पण करने वाले प्रिटोरियस अब तक 27 एकदिवसीय और 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। उन्होंने दोनों प्रारूपों में 35–35 विकेट लिए हैं, जबकि एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में क्रमशः 192 और 261 रन बनाए हैं।

## विश्व टीम टेटे चैम्पियनशिप में भारत का सफर समाप्त

चेंगदू (चीन), 6 अक्टूबर। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम प्री–क्वार्टरफाइनल दौर में गुरुवार को मेज़बान चीन से हारने के बाद विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स 2022 से बाहर हो गयी। टॉप सीड चीन ने यहां हाई–टेक स्पोर्ट्स सेंटर में भारत को 3–0 से मात दी। पहले मैच में, विश्व के शीर्ष खिलाड़ी फान ज़्हेंनडॉन्ग ने भारत के राष्ट्रीय खेल 2022 विजेता हरमीत देसाई को 3–0 (11–2, 11–9, 11–5) से मात दी। भारत के टॉप सीड पैडलर सत्यन ज्ञानशेखरन ने दूसरे मैच में भारत को वापसी कराने का कड़ा प्रयास किया, लेकिन पहला गेम करीबी रूप से हारने के बाद वह पलटवार नहीं कर सके और विश्व के नंबर दो मा लॉन्ग ने 3–0 (14–12, 11–5, 11–0) से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे मानुष शाह तीसरे मुकाबले में दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी वांग चुकिन के खिलाफ थे। वह भी सीधे गेम में अपना मैच 3–0 (11–4, 11–5, 11–6) से हार गये। इससे पहले, भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ग्रुप चरणों में अपने चार में से तीन मैच जीतकर शीर्ष–16 दौर में पहुंची थी। भारत ने ग्रुप स्टेज में दूसरी सीड जर्मनी पर भी यादगार जीत दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला टीम बुधवार को शीर्ष–16 दौर में चीनी ताइपे से 3–0 से हारकर विश्व चैंपियनशिप से पहले ही बाहर हो गयी थी।

## नवाब नगरी में क्रिकेट दीवानों ने टीम की जमकर हौसलाफजाई की

लखनऊ, 6 अक्टूबर। लखनऊ में पहली बार एकदिवसीय मैच खेलने आयी भारतीय टीम का इस्तकबाल नवाबी नगरी लखनऊ में क्रिकेट प्रशंसकों ने गर्मजोशी से किया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम की हौसलाफजाई लगातार करते रहे।

लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में बुधवार रात से रुक–रुक कर हो रही वर्षा से मैच को लेकर अनिश्चितिता के बादल मंडरा रहे थे मगर क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा सुबह से ही अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल स्टेडियम के आसपास लगने लगा। पूर्वाह्न 11 बजे तक रिमझिम बारिश के बावजूद स्टेडियम के आसपास हजारों दर्शक मैदान में प्रवेश के लिये लंबी कतारों में लग गये थे।

क्रिकेट के प्रति दीवानगी का आलम इस कदर था कि दर्शक पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज और पड़ोसी राज्य बिहार से रात भर सफर करने के बाद यहां सुबह सात बजे से ही डट गये थे। इस दौरान भारतीय टीम की टी शर्ट, रिस्ट बैंड, तिरंगा और चेहरे पर तिरंगा पेंट करने वालों के हाथ बिक्री में लगातार मशगूल रहे। कतार में लगे दर्शक भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

प्रवेश द्वार पर कतार में लगे सिद्धार्थनगर के रवि धीमान ने कहा, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली नहीं है। मैं यहां भारतीय टीम की जीत देखने आया हूं जिसका नेतृत्व भारतीय टीम का गब्बर (शिखर धवन ) कर रहा है। भारत के पास होनहार प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और हर खिलाड़ी किसी भी विदेशी टीम को धूल चटा सकता है। मेरी प्रार्थना है कि बारिश रुक जाये और मैच पूरा चले।

बिहार के सिवान जिले से आये मंजू सविता ने कहा, इकाना की खूबसूरती अब तक टीवी पर देखी थी मगर आज इस स्टेडियम में भारत को खेलते देखना सुकून भरा अहसास होगा। मैं मैच को लेकर इस कदर रोमांचित हूं कि तीन दिन से ठीक ढंग से सो भी नहीं सका हूं।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप : भारतीय टीम का नेतृत्व करेगी झारखंड की अस्टम उरांव

## भारतीय फुटबॉल संघ ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल के लिए भारतीय टीम की घोषणा की

रांची, 6 अक्टूबर। भारतीय फुटबॉल संघ ने फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप फुटबॉल के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम में झारखण्ड की अस्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी और सुधा अंकिता तिर्क को शामिल किया गया है। अस्टम उरांव और सुधा अंकिता तिर्क गुमला से हैं जबकि नीतू लिंडा, अनिता कुमारी और अंजली मुंडा रांची और पूर्णिमा कुमारी सिमडेगा निवासी हैं। पहली बार फीफा अंडर–17 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का बतौर कैप्टन नेतृत्व झारखण्ड की खिलाड़ी अस्टम उरांव करेंगी।

वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान जब पूरा देश बंद था, उस दौरान 2021 में होने वाले फीफा अंडर–17 के लिए भारतीय टीम में चयनित झारखण्ड की खिलाड़ियों को गोवा से वापस झारखण्ड लौटना पड़ा था। अधिकतर खिलाड़ियों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण तैयारी और खानपान में असर पड़ रहा था। मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संज्ञान में आने पर उन्होंने सबसे पहले फीफा प्रतियोगिता के लिए चयनित राज्य की खिलाड़ियों की ट्रेनिंग की व्यवस्था का निर्देश खेल विभाग को दिया, जिसके बाद सभी खिलाड़ियों को रांची लाकर मेडिकल सुविधा दिला कर राजकीय अतिथि गृह में रखा गया। राष्ट्रीय टीम के मेन्यू के अनुरूप उनके लिए खाने की व्यवस्था और शिविर के लिए मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम ग्राउंड और दो कोच की व्यवस्था की गई। इसके बाद फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के विश्व स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा जमशेदपुर में मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुनिश्चित की गई, जहां 10 माह तक भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया था। टीम के लिए रहने की व्यवस्था, ग्राउन्ड, स्विमिंग पूल, जिम सहित यात्रा के लिए बस की सुविधा पूरे 10 माह के लिए सुनिश्चित की गई थी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने आज कहा कि भारतीय टीम में शामिल झारखण्ड की उन्हीं बेटियों ने आज राज्य का मान बढ़ाया। ये बेटियां झारखण्ड का गौरव हैं। इन बेटियों ने संक्रमण के दौर में जबरदस्त साहस और धैर्य दिखाया। अब ये देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

चयनित इन बेटियों को सहयोग प्रदान करने के लिए खेल विभाग की ओर से फुटबॉल किट एवं यूनिसेफ की ओर टी–शर्ट्स प्रदान किया गया था। यूनिसेफ ने चैंपियन आफ चेंज फॉर चाइल्ड राइट्स के रूप में चयनित खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा था। यूनिसेफ इन्हें बाल अधिकारों, किशोर–किशोरियों के मुद्दों, समुचित पोषण की आवश्यकता, माहवारी, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक परामर्श आदि मुद्दों पर सरकार को दिए जाने वाले तकनीकी सहयोग के रूप में प्रशिक्षित किया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने फीफा अंडर –17 महिला फुटबॉल विश्वकप के लिए भारतीय टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को अनेक–अनेक शुभकामनाएं दी। टीम में चुने गए झारखण्ड की बेटियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं। लगभग 2 वर्षों तक जमशेदपुर में अंडर –17 टीम को प्रशिक्षण का आयोजन सार्थक हुआ। पूरी टीम को पुनः शुभकामनाएं और जोहार।

उल्लेखनीय है कि फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप फुटबॉल के लिए 21 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। मेजबान भारत को ग्रुप ए में अमेरिका, मोरक्को और ब्राजील के साथ रखा गया है।भारतीय टीम 11 अक्टूबर को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद भारतीय टीम 14 और 17 अक्टूबर को क्रमशः मोरक्को और ब्राजील के खिलाफ खेलगी। भारतीय टीम के सभी मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होंगे।

# अतिरिक्त खिलाड़ियों के पास टीम में जगह बनाने का मौका : धवन

लखनऊ, 6 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान शिखर धवन ने कहा है कि इस सीरीज में खेलने वाले टी20 विश्व कप टीम के सभी अतिरिक्त खिलाड़ी इन तीन मैचों का उपयोग मुख्य स्क्वाड में अपनी दावेदारी पेश करने के लिये करेंगे।

धवन ने बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''निश्चित ही यह शृंखला बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे (अतिरिक्त खिलाड़ी) जितने अधिक मैच खेलेंगे, उतनी ही बेहतर मानसिक स्थिति में होंगे। अगर लड़के अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह आत्मविश्वास उनकी मदद करेगा। अगर उन्हें (टी20 विश्व कप में) मौका मिलता है तो वे इस सीरीज को तैयारी के तौर पर देख सकेंगे।''

इस सीरीज में खेलने वाले दीपक चाहर, रवि बिश्नोई, श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी भारत की टी20 विश्व कप स्क्वाड में अतिरिक्त खिलाड़ी हैं, हालांकि शमी फिलहाल कोरोना से उभर रहे हैं। यदि शमी आईसीसी द्वारा टी20 विश्व कप के लिये टीम की घोषणा करने की निर्धारित तिथि (15 अक्टूबर) तक पूर्णतः फिट नहीं हो पाते तो चोटग्रस्त जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी ऑस्ट्रेलिया जा सकते हैं।

धवन ने कहा कि पहली बार भारत के लिये पदार्पण करते हुए राहुल त्रिपाठी, रजत पाटीदार, मुकेश कुमार, शाहबाज अहमद जैसे युवाओं को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा, 'अगर आप हमारे युवाओं के



प्रदर्शन को देखें तो जो बदलाव हुआ वह उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है। वे जितना अधिक खेलेंगे उन्हें उतना ही अधिक अनुभव मिलेगा औ उनके आत्मविश्वास का स्तर बढ़ेगा। वे गलतियों से सीखेंगे। यह बात मेरे लिये भी है। 2023 (विश्व कप) को ध्यान में रखते हुए, मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा, उतना ही मेरे लिए फायदेमंद होगा।'

धवन ने टीम के प्रदर्शन पर कहा, 'टीम बहुत अच्छी है और इस टीम के साथ हम वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे में खेले। अधिकांश खिलाड़ी वही हैं, बस एक या दो नये चेहरे हैं। नये लड़के नयी ऊर्जा लेकर आये हैं। वे पिछली कुछ शृंखलाओं से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।' पिछले दो सालों में धवन का एकदिवसीय करियर शानदार रहा है। वह श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के विजयी अभियानों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं जबकि ज़िम्बाब्वे में वह भारत के उपकप्तान थे। धवन ने अपने खेल के बारे में कहा कि अब उनका लक्ष्य आईसीसी विश्व कप 2023 के लिये फिट रहना और टीम में जगह बनाना है।

धवन ने कहा, ''मैं बहुत धन्य महसूस करता हूं कि मेरा करियर अच्छा रहा। मैं वास्तव में आभारी हूं। जब भी संभव हो मैं अपने अनुभव को युवाओं से साझा करता हूं। अब मुझ पर नयी जिम्मेदारी है लेकिन मैं चुनौतियों में अवसर देखता हूं और इसका आनंद लेता हूं।'' उन्होंने कहा, ''वर्तमान में मेरा लक्ष्य 2023 विश्व कप है। मैं सिर्फ अपने आप को फिट और अच्छी मानसिक स्थिति में रखना चाहता हूं।''



*इस साल का साहित्य का नोबेल पुरस्कार फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को दिया गया है। नोबेल कमेटी ने बताया कि, 82 वर्षीय एरनॉक्स बहुत आसान भाषा में गंभीर मुद्दों पर बात करती हैं। उनके लेखन में साहस के साथ संवेदना भी खुलकर नज़र आती है। उन्होंने हर वर्ग और तबके को अपने लेखन में समेटा है। रॉयल स्वीडिश अकैडमी ऑफ साइंसेज़ के स्थायी सचिव मैट माल्म ने 6 अक्टूबर को स्वीडन के स्टॉकहोम शहर में विजेता की घोषणा की। एनी ने करीब 40 किताबें लिखी हैं, इनमें से 90 फ्रेंच भाषा में हैं। कुछ का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। इनमें पैशन सिम्पल, हैपनिंग, अ फ्रोज़न वुमन, डू वॉट दे से ऑर एल्स, ला प्लेस, द इयर्स आदि शामिल हैं। उन्होंने कई फिल्मों की कहानी भी लिखी है। अपनी कुछ पुस्तकों में एनी ने अपने बचपन के लेखों को शामिल किया है। एनी एरनॉक्स ने अपने लेखन की शुरुआत 1974 में एक आत्मकथात्मक उपन्यास, ले आरमोआर वाइड्स (क्लीन्ड आउट) से की थी। सन् 1984 में उन्होंने अपनी एक अन्य रचना, ला प्लेस (ए मैन्स प्लेस) के लिए रीनॉडॉट पुरस्कार जीता था। यह पुस्तक उनके पिता के साथ उनके संबंधों और फ्रांस के एक छोटे से शहर में बड़े होने के उनके अनुभवों और आगे बढ़ने की उनकी प्रक्रिया पर केंद्रित थी। एनी को साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए करीब 8 करोड़ रुपये मिलेंगे।*

# राहुल गांधी ने सड़क पर माँ सोनिया गांधी के जूते के फीते बांधे

## सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर दो घंटे पैदल चलीं

- राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी। इन दिनों यह यात्रा कर्नाटक में है।

मांड्या( कर्नाटक), 6 अक्टूबर। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी बृहस्पतिवार को यहां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं और राहुल गांधी तथा अन्य भारत यात्रियों के साथ पदयात्रा की। सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर करीब एक किलोमीटर तक चलीं। वह पहली बार इस यात्रा में शामिल हुईं। पदयात्रा के दौरान सोनिया गांधी के जूते का फीता खुल गया जिसे राहुल गांधी ने बांधा। कांग्रेस ने यह तस्वीर ट्विटर पर शेयर की।

सोनिया और राहुल गांधी के साथ कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के.शिवकुमार, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कई अन्य नेता भी इस यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के रास्ते में दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राहुल गांधी ने जगह-जगह लोगों से मुलाकात की। सोनिया का कर्नाटक विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले मांड्या में पदयात्रा करना इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह देवगौड़ा परिवार के प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, "यह ऐतिहासिक क्षण है कि सोनिया गांधी इस यात्रा में शामिल हुई हैं। इससे पार्टी कर्नाटक में और मजबूत होगी।" पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "सोनिया गांधी के इस यात्रा में शामिल होने से आज लोगों का उत्साह और बढ़ गया है। कर्नाटक में जनता की बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।" उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी इस यात्रा की सफलता से घबराई हुई है और इसलिए वह झूठ फैला रही है।

राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी। इन दिनों यह यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरुआत में कश्मीर में होगा। इस यात्रा में कुल 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। पार्टी ने राहुल समेत उन 119 नेताओं को "भारत यात्री" नाम दिया है जो पदयात्रा करते हुए कश्मीर तक जाएंगे। ये लोग 3,570 किलोमीटर की निर्धारित दूरी तय करेंगे। कांग्रेस का मानना है कि यह यात्रा उसके लिए संजीवनी का काम करेगी।

## सोनिया दो...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

रमेश ने ट्वीट किया कि उनके कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें केवल 30 मिनट पैदल चलना था, लेकिन जन समर्थन से उत्साहित होकर हमारे संकल्प को मजबूत करने के लिए वे दो घंटे तक हमारे साथ पद यात्रा में रहीं। राहुल ने अपने फेसबुक पोस्ट तथा ए.आई.सी.सी. महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक ट्वीट में, पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ने के लिये देश को संगठित करने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में अपनी माँ की शिरकत को दर्शाया।

# किश्त बकाया होने पर वाहन को जबरन उठाया

- लोक अदालत ने ए.यू. स्मॉल बैंक पर इस हरकत के लिए 70 हजार रू. का जुर्माना लगाया तथा किश्त से ज्यादा वसूली गई राशि को मय ब्याज लौटाने के आदेश दिए।

जयपुर, 6 अक्टूबर (का.सं.)। जिले की स्थाई लोक अदालत ने ईसीएस डिफॉल्ट और उसके कारण लोन की किस्त बकाया होने पर वाहन को आठ दिन तक जबरन कब्जे में रखने पर एयू स्मॉल बैंक पर 70 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने किस्त राशि से ज्यादा वसूली राशि सात फीसदी ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह व सदस्य दीपक चाचान ने यह आदेश प्रकाश चन्द सैनी के प्रार्थना पत्र पर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि केवल एक किस्त बकाया होने पर बलपूर्वक की गई कार्रवाई गुंडागर्दी का ही दूसरा रूप है। इसके कारण परिवादी को आठ दिनों तक बिना वाहन के रहना पड़ा। कोर्ट ने कहा कि बैंक की ओर से की गई यह कार्रवाई आरबीआई और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की भी अवहेलना है।

परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने विपक्षी बैंक से चार लाख 85 हजार रुपए का लोन लेकर तीस सितंबर 2014 को चौपहिया वाहन खरीदा था। इस दौरान बैंक ने फरवरी 2017 की एक किस्त पेंडिंग रखी और इसकी जानकारी परिवादी को नहीं दी। वहीं बैंक ने नौ जनवरी 2019 को परिवादी से जबरन वाहन छीन लिया और 44 हजार रुपए जमा करवाने के बाद ही वाहन छोड़ा। इसे स्थाई लोक अदालत में चुनौती देते हुए कहा कि नियमानुसार फाइनेंस कंपनी द्वारा वाहन को जब्त करने से पहले परिवादी को 60 दिन का नोटिस देना जरूरी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पालन में आरबीआई ने भी एक जुलाई 2006 को गाइडलाइन जारी कर फाइनेंस कंपनियों को वाहनों पर बकाया लोन की किस्तों के संबंध में निर्देश जारी किए थे। उसमें भी वाहन की जब्ती से पहले साठ दिन के नोटिस की बाध्यता थी।

# "नामी" आर्किटैक्ट अनूप बरतरिया के आवास और कार्यालय पर ई.डी. के छापे

## गुरूवार सुबह से शुरू हुई कार्यवाही देर रात तक जारी

- राज्य सरकार के कई बड़े प्रोजैक्ट की डिज़ाइन का काम अनूप को ही सौंपा गया है।

जयपुर, 6 अक्टूबर (का.प्र.)। राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह नामी आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली से आई ई.डी. की टीम के साथ आठ अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों की टीमों ने गुरुवार सुबह 9 बजे से अनूप बरतरिया शहर के अलग-अलग ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है।

अनूप बरतरिया जयपुर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड पार्क सहित अन्य कई कंपनियों के ग्रुप से जुड़े हुए हैं। ईडी की टीमें इनके गोपालपुरा स्थित आवास सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर पूछताछ व जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार अनूप के साथ ही उनके भाई वीरेंद्र से जुड़े हुए ठिकानों पर भी ईडी की टीम की ओर से कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि, वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के चलते ई.डी. की ओर से यह कार्रवाई की जा रही है।

हालांकि ईडी ने प्रकरण किस संदर्भ में दर्ज किया है, अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है। सुबह से कार्रवाई देर रात तक लगातार जारी रही और ई.डी. की टीम अनूप के मकान, दफ्तर व अन्य ठिकानों पर मौजूद रही। कार्रवाई के दौरान बाहर के किसी भी व्यक्ति को अनूप के घर, आवास व अन्य ठिकानों पर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

बता दें कि, अनूप बरतरिया राजस्थान सरकार के कई बड़े प्रोजेक्ट्स को देख रहे हैं। जिनमें कोटा नगर विकास न्यास स्मार्ट सिटी की तरफ से करवाए जा रहे हजारों करोड़ रुपए के कार्यों के वे आर्किटेक्ट हैं। कोटा में चंबल नदी पर बन रहे 1000 करोड़ के हैरिटेज रिवरफ्रंट, 100 करोड़ के कोटा सिटी पार्क ऑक्सीजोन, एरोड्रम सर्किल, घोड़े वाले बाबा चौराहा, विवेकानंद सर्किल, सुभाष लाइब्रेरी, गवर्नमेंट कॉलेज बिल्डिंग, अंटाघर चौराहा, गोबरिया बावड़ी, अनंतपुरा व इंदिरा गांधी फ्लाईओवर जयपुर गोल्डन



*ई.डी. की टीम ने मशहूर आर्किटैक्ट अनूप बरतरिया आवास और ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।*

और मल्टीपरपज पार्किंग की डिजाइन भी अनूप बरतरिया ने की है। साथ ही महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा, महाराणा प्रताप चौराहे पर घूमता हुआ फ्लाईओवर, किशोर सागर तालाब में पानी के बीच में घोड़े लगाना, सालीम सिंह की हवेली, सीबी गार्डन का डेवलपमेंट सहित कई कार्यों की भी डिजाइन भी बरतरिया ने की है।

कोटा में चल रहे इस वक्त के कई बड़े प्रोजेक्ट्स की डिजाइनिंग का काम यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में अनूप बरतरिया कर रहे हैं। कोटा शहर के एमबीएस और जेके लोन अस्पताल में हेरिटेज और ओपीडी आईपीडी की बिल्डिंग का भी कार्य वही संभाल रहे हैं।

एमबीएस अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग की फसाड़ लाइट को बदलने का कार्य भी बरतरिया की आर्किटेक्ट डिजाइन पर हो रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि ई.डी. विभिन्न मामलों में उनसे पूछताछ कर सकती है।

# रुपया और खस्ताहाल हुआ

- भारतीय रुपया गुरुवार को 55 पैसे फिसलकर अब तक रिकॉर्ड निचले स्तर 82.17 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़क गया।

मुंबई, 6 अक्टूबर (वार्ता) । दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा डॉलर की मांग आने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 55 पैसे फिसलकर अब तक रिकॉर्ड निचले स्तर 82.17 रुपये प्रति डॉलर पर लढ़क गया। रुपया पिछले सत्र में 81.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 10 पैसे की मजबूती लेकर 81.52 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 81.51 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान डॉलर की मांग आने से यह 82.17 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। शेयर बाजार में रही मामूली तेजी से भी रुपये को बल नहीं मिल सका और यह अब तक रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढ़क गया।

## ताईवान में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

"पॉर्क्यूपाइन" का रूप दिया जा सके।

"न्यूयॉर्क टाइम्स" के अनुसार, चीन की नौ सेना तथा वायु सेना की अगस्त में हुई कवायद से यह जाहिर हो गया था कि चीन ताईवान पर हमला करने से पहले, संभवतः उसके रास्ते ही अवरूद्ध कर देगा तथा लोकतांत्रिक रूप से शासित यह द्वीप तब तक केवल अपने ऊपर ही निर्भर रहने को मजबूर हो जायेगा, जब तक अमेरिका तथा अन्य देश वहाँ दखलंदाजी का निर्णय लेंगे या दखलंदाजी करेंगे। चूँकि अपेक्षाकृत छोटे एवं युद्धाभ्यास वाला हथियार-तंत्र ताईवान की सहनशक्ति के लिहाज से संकटपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं, इसलिये अमेरिकन अधिकारी चुपचाप ही ताईवान के अधिकारियों को प्रेरित कर रहे हैं कि वे और ज्यादा हथियारों के "ऑर्डर" दें। ऐसे बहुत से हथियार, जो ताईवान की सुरक्षा को संबल दे सकते थे, इस समय यूक्रेन जा रहे हैं तथा हथियार-निर्माता कंपनियाँ यह नहीं चाहती हैं कि दीर्घकालीन ऑडरों के बिना, वे नई उत्पादन व्यवस्था स्थापित करें। चीन लम्बे समय पर ताईवान पर कब्जा करने की कोशिश में है क्योंकि वह ताईवान को अपना ही भू भाग मानता है तथा अमेरिका ने, बीजिंग को नाराज किये बिना, इस द्वीप की मदद करने का काम किया है। राष्ट्रपति बाइडन न पिछले महीने कहा था कि अमेरिका ताईवान की आज़ादी को "प्रोत्साहित नहीं कर रहा", लेकिन उन्होंने यह भी कहा था कि अगर चीन आक्रमण करता है तो अमेरिका उसकी रक्षा करेगा।

बाइडन सरकार ने पिछले महीने यह घोषणा की थी कि उसने ताईवान को 1.1 अरब डॉलर के हथियार बेचने की स्वीकृति दे दी है। अमेरिका के अधिकारी इस बिन्दु पर चर्चा कर रहे हैं कि इस बिक्री एवं सप्लाई प्रक्रिया को किस तरह क्रियान्वित करें। चीनी अवरोध के बीच होकर हथियारों की सप्लाई से चीन और अमेरिका के बीच टकराव शुरु होने का जोखिम रहेगा।

## गोवा फिल्म...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

फिल्म-निर्माताओं, अभिनेताओं, टैक्नीशियनों, समीक्षकों तथा फिल्मों के शास्त्रीय विद्वानों के साथ संवाद कर सकें।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा गोवा सरकार की "एन्टरटेनमेन्ट सोसायटी ऑफ गोवा" के संयुक्त तत्वावधान में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस समारोह में मास्टर क्लासेज़ पैनल -डिस्कशन, सेमिनार तथा अन्य अनेक प्रकार के संवाद सम्बंधी आयोजन होंगे।

एक सरकारी घोषणा में कहा गया है कि दिल्ली का प्रैस इन्फॉर्मेशन व्यूरो मीडियाकर्मियों की मान्यता सम्बंधी प्रक्रिया को अंजाम देगा, जो यह तय करेगा कि किस प्रकार के किस-किस मीडिया के कितने लोग इसमें शामिल हो सकेंगे। यह निर्णय उनके आवर्तन, वितरण, श्रोता तथा पहुंच, इसके द्वारा सिनेमा को दिये जाने वाले महत्व तथा आई.एफ.एफ.आई. की अपेक्षित मीडिया कवरेज के आधार पर होगा।

# थाइलैण्ड में गोलीबारी में 24 बच्चों समेत 36 लोगों की मौत

बैंकॉक, 6 अक्टूबर (वार्ता/ शिन्हुआ)। थाईलैण्ड के नोंग बुआ लाम्फू प्रांत में गुरुवार को एक चाइल्ड केयर सेंटर में गोलीबारी में 24 बच्चों समेत कम से कम 36 लोगों की मौत हो गयी। प्रांतीय जनसंपर्क विभाग के फेसबुक पेज पर जारी पोस्ट के मुताबिक मृतकों में 24 बच्चे और 12 वयस्क शामिल हैं। वहीं 12 अन्य लोगों के घायल होने की रिपोर्टें हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:40 बजे हुई। कथित पूर्व पुलिस अधिकारी रहे हमलावर ने गोलीबारी के बाद अपने परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी और फिर खुद को गोली मार ली।

टेलीविजन की फुटेज में एंबुलेंस और पीड़ितों के परिवार को चाइल्ड केयर सेंटर के बाहर एकत्र होते दिखायी दे रहे हैं। थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा, मैं मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख को घटना की जांच में तेजी लाने के आदेश दिये गये हैं। चाइल्ड केयर सेंटर में काम करने वाली एक महिला ने एक स्थानीय टेलीविजन चैनल को बताया कि वे दोपहर का भोजन कर रहे थे तभी उसने आवाज सुनी और घायलों को जमीन पर गिरते देखा।

## उदित राज...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ने आगे ट्वीट किया कि दलित समुदाय और ऐतिहासिक रूप से वंचित आदिवासी वर्ग के उनके जैसे लोगों का कर्तव्य है कि राष्ट्रपति मुर्मू से यह प्रश्न करें कि "जब एस.सी. और एस.टी. के लोग उच्च पद पर पहुंच जाते हैं तो वे अपने खुद के समुदायों को ही त्यागकर क्यों मौन धारण कर लेते हैं।" भाजपा के संबित पात्रा ने उदित राज की "चमचागिरी" वाली टिप्पणियों को "अभद्र, खेदजनक और चिन्ताजनक करार दिया। पात्रा ने एक ट्वीट में कहा कि "यह पहला मौका नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रपति के लिए इस प्रकार के शब्दों का चयन किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का हवाला दिया जिन्होंने उन्हें "राष्ट्रपत्नी" कहा था और इस कथित लिंग भेद टिप्पणी के कारण उन्होंने माफी भी मांगी थी। पात्रा ने कांग्रेस से क्षमा मांगने की मांग की। पूर्व भाजपा सांसद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों से पूर्व अपनी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## धर्मेन्द्र राठौड़ की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिये गये फैसलों के विपरीत आर.टी.डी.सी. स्वयं ही इस ट्रेन का संचालन करेगी।

उल्लेखनीय है कि ट्रेन के संचालन से प्राप्त राजस्व को भारतीय रेलवे और आर.टी.डी.सी. के बीच 56:44 के अनुपात में बांटा जाता है। इस वर्ष आर.टी.डी.सी. ने ट्रेन को चलाने के लिये भारतीय रेलवे को पांच करोड़ बकाया भुगतान किया है, जबकि 28 करोड़ अभी और देना है।

उल्लेखनीय है कि जब 27 अगस्त को कैबिनेट बैठक हुई थी तब मीडिया में कहा गया था कि ट्रेन को चलाने के लिये जल्द ही प्राइवेट पार्टियों को आमंत्रित किया जायेगा, जो कि अब तक नहीं हुआ है।

हैरानी की बात यह भी है 28 सितम्बर को आर.टी.डी.सी. के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में प्रबंध निदेशक ने पैलेस ऑन व्हील्स को निगम द्वारा संचालन के संबंध में प्रस्ताव भी पेश किया गया।

परंतु इस प्रस्ताव को बोर्ड के मैम्बर तथा पर्यटन विभाग, वन विभाग और रोडवेज के प्रतिनिधियों ने खारिज कर दिया। क्योंकि इससे पर्यटन विभाग को राजस्व में काफी हानि उठानी पड़ती।

सूत्रों के अनुसार इस बोर्ड मीटिंग में पर्यटन विभाग की ओर से आर.टी.डी.सी. के प्रस्ताव की आलोचना की गई थी कि इससे पर्यटन विभाग को हर वर्ष राजस्व की हानि होगी, साथ ही निगम के संचालन से हुई राजस्व में हानि की भरपाई कैसे होगी, इस पर भी कोई गणना नहीं की गई थी।

पर्यटन विभाग तथा अन्य अफसरों द्वारा यह भी कहा गया कि करोना काल के दौरान जब ट्रेन को बंद किया गया था तब आर.टी.डी.सी. द्वारा ट्रेन का टिकट बेचने वाली कई जनरल सेल्स एजेंसीज (जी.एस.ए.) को भारी मुआवजा दिया गया था, इसलिये इन विभागों को आशंका थी कि जी.एस.ए. अपने रिफंड वाउचर (मुआवजे के बाउचर) का इस्तेमाल कर मुफ्त में टिकट लेंगी और भारी मुनाफा कमाएंगी। उल्लेखनीय है कि पैलेस ऑन व्हील्स का एक टिकट 40 हजार से 55 रु. हजार का होता है।

सूत्रों का कहना है कि अगर अभी तक निजी पार्टी को निविदा के तहत आमंत्रित कर लिया गया होता तो इस ट्रेन का संचालन बेहतर तरीके से हो सकता था और जी.एस.ए.द्वारा मुफ्त टिकट लिये जाने की स्थिति से बेहतर ढंग से निपटा जा सकता था। क्योंकि कोई भी निजी कंपनी रिफंड वाउचर की शर्तों को बारीकी से जांच करके ही जारी करती हैं, ताकि कंपनी को घाटा नहीं हो।

## काफी संतुष्ट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कम वोट मिले। तथा हाई कमान ने हरदेव जोशी को मु.मंत्री नियुक्त किया।

इस बार पायलट की जयपुर यात्रा का ध्येय था, जयपुर में अधिकांश विधायकों से सम्पर्क करके, परोक्ष/सीधे तरीके से उनकी मन की चॉइस जानना तथा सबको यह साफ जता देना कि, हाई कमान क्या चाहता है और इस डिज़ायर का सत्यापन, विधायक कैसे कर सकते हैं। यह काम वन-टु-वन वार्तालाप में ही हो सकता है और यह गोल पायलट ने अच्छी तरह हासिल कर लिया।

पायलट की जयपुर यात्रा का दूसरा ध्येय था, गहलोत के कट्टर समर्थक, जिनकी संख्या पन्द्रह से बीस तक मानी जाती है, में विश्वास उत्पन्न करना कि, पायलट इन लोगों के खिलाफ बदले की भावना से काम नहीं करेंगे। प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर जाकर, बहु प्रचारित वार्ता करना इसी क्रम में उठाया गया कदम था और इस मकसद में पायलट सफल हुए, क्योंकि, इस मुलाकात की प्रतिध्वनि अभी तक हो रही है, गहलोत समर्थकों में।

# 36 सैटलाइट्स एक साथ लाँच करेगा इसरो

## ये सभी सैटलाइट्स ब्रिटेन की स्पेस एजेंसी वन वैब के हैं

- इसरो की इस महीने के तीसरे या अंतिम सप्ताह में यह कार्य पूरा करने की योजना है।
- इसरो ने इसके लिए यूनाइटेड किंगडम और ऑन-बोर्ड वनवेब लियो के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये है।

चेन्नई, अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ब्रिटेन स्थित वन वेब के 36 उपग्रहों के प्रक्षेपण की तैयारी में जुटा है तथा इस काम के लिए इसरों अपने सबसे भारी रॉकेट जी.एस.एल.वी.-एम.के. 3 का उपयोग करेगा और इसी महीने के तीसरे या चौथे सप्ताह में श्रीहरीकोटा के एस.एच.ए.आर. से इन्हे प्रक्षेपित कर दिया जायेगा। इसरो ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह भारतीय अंतरिक्ष एजेन्सी के लिए पूर्णरुप से व्यवसायिक उड़ान होगी। प्रक्षेपण के लिए तीन चरणों का एकीकृत जिसमें ठोस, तरल और क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित रॉकेट तैयार किया जा रहा है।

बयान में कहा गया है कि सतीश धवन अंतरिक्ष में दूसरे लॉन्च पैड पर दो सॉलिड स्ट्रैप-ऑन बूस्टर और एल.वी.एम. 3 का तरल कोर एकीकृत स्टेज तैयार कर लिया गया है। शेष गतिविधियों के लिए सफलता-उन्मुख कार्यक्रम के आधार पर, इनका प्रक्षेपण अक्टूबर के तीसरे या चौथे सप्ताह में किया जा सकता है।

द न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एन.एस.आई.एल.), अंतरिक्ष विभाग के तहत एक सी.पी.एस.ई. और इसरो की वाणिज्यिक शाखा ने दो प्रक्षेपण सेवा अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

वहीं इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण वाहन एल.वी.एम. 3 से ब्रॉडबैंड संचार उपग्रह लॉन्च करने के लिए मैसर्स नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (मैसर्स वनवेब), यूनाइटेड किंगडम और ऑन-बोर्ड वनवेब लियो के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये है।

# उत्तराखण्ड में पाँच पर्वतारोहियों की मौत

उत्तरकाशी/देहरादून, 6 अक्टूबर (वार्ता)। उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जनपद में समुद्र तल से लगभग 17000 फुट की ऊंचाई पर हिमस्खलन में फंसे पर्वतारोही प्रशिक्षुओं (माउंटटेनर ट्रेनीज) और प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स) में से पांच के शव गुरुवार को बरामद कर लिए गए।

बरामद शवों में से दो की पहचान नेहरू पर्वतारोही संस्थान (एन.आई.एम.), उत्तरकाशी के महिला ट्रेनर्स के रूप में हुयी है। शेष प्रशिक्षणार्थीयों की पहचान नहीं हो पायी है। उक्त सभी शव एडवांस बैस केम्प के पास है। शेष अन्य 20 लापता प्रशिक्षणार्थी का रेस्क्यू टीमों द्वारा खोज-बचाव अभियान जारी है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में हल्की बर्फवारी हो रही है। अभी तक कुल नौ शव बरामद हुये है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एन.आई.एम. के एडवांस कोर्स न.-172 के 34 पर्वतारोही प्रशिक्षुओं एवं सात प्रशिक्षकों का द्रोपदी के डण्डा - दो पर्वत (ऊँचाई 5670 मीटर) में समिट/आरोहण के दौरान, वापस आते समय लगभग 17000 फीट की ऊँचाई के आस-पास हिस्खलन होने के कारण फंस गए। फंसे/लापता लोगों का एयरफोर्स, प्राइवेट हैलीकॉप्टर एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी.), 11 जे.के.एल.आई., सेना, हर्षिल, राज्य आपदा मोचन बल (एस.डी.आर.एफ.), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) एवं एन.आई.एम. के अन्य प्रशिक्षकों तथा सदस्यों के सहयोग से खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## महेश जोशी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ज्योतिष के हिसाब से भी गहलोत से कहा गया है कि यदि वह 23 अक्टूबर तक अपनी कुर्सी बचा लेंगे तो फिर आगे भी वही मुख्यमंत्री बने रहेंगे, अन्यथा उन्हें जाना ही होगा।

माहौल में फिर से राजनीतिक सक्रियता लाने के लिए सोनिया गांधी के कर्नाटक से लौटने की प्रतीक्षा है।

गहलोत इस सप्ताहांत होने जा रहे इन्वैस्टमैंट समिट की मदद से आखिरी दम तक स्वयं को हटाए जाने की कवायद में विलम्ब करना चाहते हैं। सोनिया अपने कर्नाटक दौरे से वापसी के बाद जैसे ही सक्रिय होंगी, उनके और राहुल गांधी के वार्तालापों के परिणाम के स्पष्ट होने की उम्मीद है।

के.सी. वेणुगोपाल कई बार कह चुके हैं कि राजस्थान में विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी और उसमें पर्यवेक्षकों को एक लाइन का प्रस्ताव लेने के लिए भेजा जाएगा, जिसमें नए मुख्यमंत्री का निर्णय करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908